कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 314, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 10 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# राहुल ने 3 बेटियों को हेलिकॉप्टर में घुमाया

**बूंदी:** राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एमपी की तीन स्टूडेंट्स से किया वादा 10 दिन में ही पूरा कर दिया। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा में इन दिनों राजस्थान में हैं। गुरुवार को यात्रा की बूंदी जिले में एंट्री हुई। कोटा में यात्रा कंप्लीट होने के बाद राहुल सीधे बूंदी के गुडली में बनाए गए हेलिपैड पहुंचे। वहां एमपी के उज्जैन की तीन स्टूडेंट राहुल के इंतजार में बैठी थीं। वे राहुल के साथ हेलिकॉप्टर की राइड करने आईं थीं। दरअसल, 29 नवंबर को उज्जैन में यात्रा के दौरान राहुल 11वीं की स्टूडेंट्स शीतल, अंतिमा और 10वीं में पढ़ने वाली गिरिजा से मिले थे। इनसे राहुल ने उनके ड्रीम करियर को लेकर बात की। उनसे पूछा कि स्कूल के बाद पढ़ाई के अलावा उनके और क्या-क्या ड्रीम हैं। बातों ही बातों में इन छात्राओं ने राहुल से उनके साथ हवाई यात्रा करने की भी इच्छा जताई थी। उस समय राहुल ने तीनों से वादा किया था कि आपको जल्द हवाई यात्रा कराऊंगा। राहुल ने 10 दिन में ही अपना वादा निभाते हुए तीनों छात्राओं के साथ 20 मिनट की हेलिकॉप्टर राइड की। तीनों छात्राएं हेलिकाप्टर से उतरीं तो राहुल ने उनको चॉकलेट भी दी। साथ ही राहुल और हेलिकॉप्टर के पायलट ने 10 मिनट तक छात्राओं को हेलिकॉप्टर की तकनीकी जानकारियां भी दीं। तीनों बेटियों के साथ राहुल ने फोटो खिंचवाए। इसके बाद राहुल गांधी सीधे सोनिया गांधी से मिलने के लिए सवाईमाधोपुर रवाना हो गए।

**यह क्षण हमारे लिए अकल्पनीय था:** राहुल के साथ हवाई यात्रा करने वाली तीनों छात्राओं से बातचीत की। उज्जैन निवासी 11वीं क्लास की शीतल पाटीदार, अंतिमा पंवार और 10वीं की



स्टूडेंट गिरजा पंवार ने बताया कि यह हमारे लिए सपना पूरा होने जैसा है। उनका कहना था कि पहली बार हेलिकॉप्टर में बैठे और वह भी राहुल गांधी के साथ, यह क्षण हमारे लिए अकल्पनीय था और अविस्मरणीय रहेगा। यात्रा के दौरान हम सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से राहुल गांधी से जुड़े थे। तब उन्होंने भरोसा दिलाया था कि लगन और मेहनत से लक्ष्य की ओर बढ़ो तो हवाई यात्रा करने का सपना जरूर पूरा होगा। हवाई यात्रा के दौरान राहुल ने हमसे कहा कि देश भर की यात्रा के दौरान वे बच्चों से मिले हैं। सभी बच्चों ने बड़े पदों पर जाने की इच्छा जताई है।

**राहुल ने छात्राओं से कहा- अपनी पसंद का ही करियर चुनिए:** उन्होंने कहा कि बच्चे जो भी करें, वह मन से करें, जो ज्यादा पसंद हो, उसको दिल से करते हुए अपना करियर बनाएं। छात्राओं ने बताया कि राहुल ने हमसे कहा कि परिवार या समाज के दबाव में आकर करियर नहीं चुनें, अपनी पसंद का करियर ही चुनें। हवाई यात्रा के बाद राहुल ने छात्राओं को हेलिकॉप्टर की स्पीड, कितने देर में कितनी दूरी तय करता है... जैसी अहम जानकारियां दीं

### हिमाचल में प्रतिभा समर्थकों ने कांग्रेस कार्यालय घेराः 6 बजे होने वाली मीटिंग में 13 एमएलए पहुंचे, प्रभारी-ऑब्जर्वर भी आए

# हिमाचल: कांग्रेस में सीएम के लिए घमासान

**शिमला:** हिमाचल कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा हुआ है। विधायकों की 6 बजे होने वाली मीटिंग भी अब तक शुरू नहीं हो पाई है। खबर लिखे जाने तक 13 विधायक ही कांग्रेस ऑफिस पहुंचे। कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, ऑब्जर्वर भूपेश बघेल और भूपेंद्र हुड्डा भी शिमला पार्टी ऑफिस पहुंच गए हैं। इधर प्रतिभा सिंह समर्थकों ने कांग्रेस कार्यालय घेर लिया और जमकर नारेबाजी की। मीटिंग के लिए प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के अलावा सीएम कुर्सी के दो अन्य दावेदार धनीराम शांडिल और राजेंद्र राणा कांग्रेस कार्यालय पहुचे। इनके अलावा मोहनलाल ब्राक्टा, नंदलाल, हर्षवर्धन चौहान, रोहित ठाकुर, जगत सिंह नेगी, सुंदर ठाकुर, देवेंद्र कुमार भुट्टो और आरएस बाली ही प्रदेश कार्यालय पहुंच पाए। वहीं मुख्यमंत्री पद के दूसरे बड़े दावेदार सुखविंदर सुक्खू समर्थक विधायक कांग्रेस कार्यालय पहुंचने लगे। सुक्खू भी प्रदेश प्रभारी और दोनों ऑब्जर्वर के साथ ऑफिस पहुंचे। इससे पहले दोपहर तीन बजे होने वाली मीटिंग सुक्खू समर्थक विधायकों के न आने से 6 बजे की गई थी। सुक्खू अपने 18 समर्थक विधायकों के साथ अनट्रेसेबल थें।

**ऑब्जर्वर गर्वनर से मिले, स्थानीय नेताओं को नहीं ले गए:** मुख्यमंत्री पद के लिए प्रदेश के 6 नेता दावा कर रहे हैं। इस बीच, नाटकीय मोड़ तब आया जब हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व उट भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार बनाने का दावा पेश करने



राजभवन पहुंच गए। इस दौरान उनके साथ प्रदेश का एक भी नेता मौजूद नहीं था। राजभवन में प्रदेश के नेताओं की गैरमौजूदगी पर प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने सफाई दी। उन्होंने कहा- कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल औपचारिक तौर पर गवर्नर के पास सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया है। जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस हाईकमान की ओर से भेजे गए कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं ने गवर्नर से मुलाकात क्यों की? इन्होंने गर्वनर को कौन सी चिट्ठी सौंपी? प्रतिभा सिंह के मुताबिक, उन्हें नहीं पता कि कांग्रेस के तीन वरिष्ठ नेताओं ने राज्यपाल को क्या लैटर दिया। उनकी जानकारी के मुताबिक अभी बघेल, हुड्डा और शुक्ला विधायकों के साथ बैठक कर उनकी राय लेंगे और उसके बाद पार्टी हाईकमान को जानकारी देंगे। हाईकमान के निर्देश के बाद ही पार्टी सरकार बनाने का दावा पेश करेगी।

**बॉक्सअलग-अलग होटलों में विधायकों की मीटिंग**

इससे पहले बघेल समेत तीनों केंद्रीय नेताओं ने दोपहर करीब 1 बजे हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मंडी की सांसद प्रतिभा सिंह से होटल में ही बैठक की। इसके बाद प्रतिभा सिंह सीधे अपने निजी आवास हॉली-लॉज चली गईं। दूसरी ओर कांग्रेस के सभी विधायक शिमला के अलग-अलग होटलों में जुटे हैं। वे अलग-अलग गुटों में मीटिंग कर रहे हैं। इधर, विधायक दल की मीटिंग में हो रही देरी से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा प्रतिभा सिंह के समर्थक नाराज हो गए हैं। उन्होंने कांग्रेस ऑफिस में ही नारेबाजी शुरू कर दी। इनकी मांग है कि प्रतिभा सिंह को तुरंत विधायक दल का नेता घोषित किया जाए।

### पहले चंडीगढ़ में बुलाई थी बैठक

इससे पहले गुरुवार को आए रिजल्ट में राज्य की 68 सीटों में से कांग्रेस को 40 सीटें मिली हैं, जो बहुमत यानी 35 से पांच ज्यादा हैं। वहीं भाजपा को 25 सीटे मिली हैं। 3 सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने खरीद-फरोख्त रोकने के लिए गुरुवार को चंडीगढ़ में विधायकों की बैठक बुलाई थी। मगर, देर शाम तक बैठक की जगह शिमला कर दी गई।

प्रतिभा सिंह के सीएम बनाने पर इसलिए संशय

प्रतिभा सिंह वर्तमान में प्रदेशाध्यक्ष के साथ साथ मंडी संसदीय हलके से सांसद भी है। ऐसे में पार्टी यदि उन्हें सीएम बनाती है तो कांग्रेस मंडी में उप चुनाव का रिस्क नहीं लेना चाहेगी, क्योंकि मंडी जिले की 10 में से 9 सीटें जीत बीजेपी ने दमदार प्रदर्शन किया है। भाजपा सरकार में सीएम रहे जयराम ठाकुर ने यहां 37 हजार से ज्यादा के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की।

'कॉलेजियम सिस्टम के खिलाफ टिप्पणी टीक नहीं'

नई दिल्ली: कॉलेजियम सिस्टम को लेकर जारी बयानबाजी के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके खिलाफ टिप्पणी ठीक नहीं है। यह देश का कानून है और हर किसी को इसका पालन करना चाहिए। कोर्ट देश की अदालतों में जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की ओर से सरकार को भेजे गए नामों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार भेजे गए जजों के नामों को मंजूरी देने में देर कर रही है। कोर्ट ने पूछा कि सरकार और कॉलेजियम सिस्टम के बीच विवाद कब सुलझेगा?

# श्रद्धा मर्डर: 'आफताब को फांसी हो'

### जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ वैसा किसी के साथ न हो: विकास वालकर

**मुंबई: श्रद्धा** वालकर के पिता विकास वालकर शुक्रवार को पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि अभी जांच सही चल रही है, लेकिन वसई, तुलिंज थानों की पुलिस पहले इस मामले को गंभीरता से लेती तो शायद मेरी बेटी की जान बच सकती थी। विकास ने कहा- मैं नहीं चाहता जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ वैसा किसी और के साथ हो। मैं अपनी बेटी के लिए न्याय चाहता हूं, इसलिए उसके हत्यारे आफताब को फांसी मिले। मैंने अपनी बेटी से बात करने की कोशिश की, लेकिन



पिछले दो सालों में उसने मुझे कोई जवाब नहीं दिया। मुझे कभी नहीं बताया गया कि मेरी बेटी के साथ क्या हो रहा है। उन्होंने बताया कि आखिरी बार मेरी श्रद्धा से 2021 में बात हुई थी। उसने बताया वह बेंगलुरु में रहती है। मैंने 26 सितंबर को आफताब से बात की और बेटी के बारे में पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। दिल्ली पुलिस ने हमें भरोसा दिलाया है कि हमें न्याय मिलेगा।

### हाइपरसोनिक वाहन का किया परीक्षण

**नई दिल्ली:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और एकीकृत रक्षा स्टाफ ने संयुक्त रूप से हाइपरसोनिक वाहन परीक्षण किया है। परीक्षणों ने सभी आवश्यक पैरामीटर हासिल कर लिए और उच्च क्षमता का प्रदर्शन किया। इस परीक्षण के बाद भारत के रक्षा क्षेत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी, खासकर पाकिस्तान और चीन की चालबाजी को नाकाम करने के लिए एक अहम हथियार साबित होगा। इस वाहन की खास बात यह है कि यह ध्वनि की गति से पांच गुना तेज रफ्तार से उड़ान भरती है।

# न्यूक्लियर प्लांट के लिए सिक्योरिटी सिस्टम बनेगा



**नई दिल्ली:** साइबर अटैक से देश के न्यूक्लियर पावर प्लांट सिस्टम्स (परमाणु ऊर्जा) को बचाने के लिए सिक्योरिटी सिस्टम बनेंगे। इसकी जानकारी केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में दी। सिंह ने कहा कि इसमें अथॉरिटी, एक्सेस कंट्रोल, स्ट्रिक्ट कंट्रोल और हर सिस्टम की निगरानी शामिल हैं। उन्होंने ने कहा कि न्यूक्लियर पावर प्लांट सिस्टम इंटरनेट से अलग हैं और न ही इसकी पहुंच प्रशासनिक नेटवर्क तक है। हालांकि, अब न्यूक्लियर पावर प्लांट्स के लिए प्रशासनिक नेटवर्क को भी मजबूत किया जाएगा। इसके लिए कई योजना बनाई गई हैं। इनमें इंटरनेट और प्रशासनिक इंट्रानेट कनेक्टिविटी को सख्त करना, रिमूवेबल मीडिया पर बैन लगाना, वेबसाइट्स और क्द्ध को ब्लॉक करना जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

**कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट पर साइबर अटैक:** सिंह ने सितंबर 2019 में कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट के साइबर अटैक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कंप्यूटर एंड इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी एडवाइजरी ग्रुप- और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम जैसी नेशनल एजेंसियां ने की है।

**ये सिक्योरिटी सिस्टम्स होंगे लागू:** नेशनल एजेंसियां की सिफारिशों के आधार पर इंट्रानेट और इंटरनेट एक्सेस का फिजिकल सेपरेशन, इंटरनेट इस्तेमाल के लिए सिक्योर वर्चुअल ब्राउजिंग टर्मिनल, सिक्योर डेटा ट्रांसफर नियम, नए वेब एप्लिकेशन पोस्ट करने से पहले इंडिपेंडेंट सेक्योरिटी या छअठ में परिवर्तन शामिल हैं। इंफ्रास्ट्रक्चरल आर्किटेक्चर, इंफोर्मेशन सेक्योरिटी पोस्चर की निगरानी के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

### भारत-चीन के बीच व्यापार घाटा 36.31 अरब अमेरिकी डॉलर: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली:** भारत और चीन के बीच वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 के बीच दस साल में व्यापार घाटा बढ़कर 36.21 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में यह जानकारी दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से लेकर 2013-14 के बीच चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 36.21 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 तक इसमें 100 फीसदी की वृद्धि




हुई है।

पीयूष गोयल ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 में चीन के साथ व्यापार घाटा 1.48 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो वित्त वर्ष 2013-14 में बढ़कर 36.21 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# डब्ल्यूएचओ ने तैयार किया एलोपैथी-आयुर्वेद का मॉड्यूल

**पणजी:** जल्द ही दुनिया की दो बड़ी चिकित्सापैथी बड़े स्तर पर एक साथ मरीजों का उपचार करती दिखाई देगीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत की पारंपरिक चिकित्सा को एलोपैथी के साथ जोड़कर एक मिश्रित मॉड्यूल तैयार किया है जिसके जरिये देश के पांच लाख से भी अधिक आयुर्वेद डॉक्टरों को उपचार करने में मदद मिलेगी। इसकी पद्धतियों को विनियमित करने के लिए निर्धारित मानक और एक मानकीकृत शब्दावली दस्तावेज भी



तैयार किया गया है जो आयुर्वेद चिकित्सकों को आधुनिक चिकित्सा के साथ आसान तरीके से संपर्क स्थापित करने में मदद करेगा। बृहस्पतिवार को गोवा की राजधानी पणजी में शुरू हुए विश्व आयुर्वेद कांग्रेस में ह्यअमर उजालाह्न से बातचीत में डब्ल्यूएचओ के पारंपरिक चिकित्सा एवं तकनीकी अधिकारी डॉ. गीता कृष्णन ने बताया कि डब्ल्यूएचओ का पारंपरिक चिकित्सा को लेकर तैयार वैश्विक केंद्र अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद लाने के लिए दुनिया भर में कई सरकारों के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आयुर्वेद को रोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण में शामिल करने के लिए काफी काम कर रहे हैं।

# वैश्विक उद्योग जगत के लिए बेहतरीन मंच होगा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। राज्य सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि दुनियाभर के निवेशक प्रदेश में उद्यम स्थापित करना चाह रहे हैं। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान औद्योगिक दल ने उत्तर प्रदेश में विविध सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की, साथ ही यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 (जीआईएस-2023) में सहभागिता के लिए सकारात्मक रुख दिखाया। उत्तर प्रदेश आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत सुखद है कि आज जबकि उत्तर प्रदेश का



एक प्रतिनिधिमंडल जर्मनी में औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है, वहीं ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में एक औद्योगिक निवेशकों का समूह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए राजधानी में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके। यह इन्वेस्टर समिट वैश्विक औद्योगिक जगत को आर्थिक विकास में सहयोग करने के लिए एक इंटिग्रेटेड मंच प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगा। ऑस्ट्रेलिया के उद्यमियों का सहयोग इस समिट को नई ऊंचाई तक ले जाने में उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 25 करोड़ नागरिक निवास करते हैं, जो इसे भारत का सबसे बड़ा श्रम एवं उपभोक्ता बाजार बनाते हैं।

# गैर-मुस्लिमों को एडमिशन देने वाले मदरसों की जांच के आदेश

नई दिल्ली: राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। इसमें उन्हें गैर-मुस्लिम बच्चों को प्रवेश देने वाले सभी मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच का आदेश दिया गया है। इसके अलावा सभी अनमैप्ड मदरसों की मैपिंग करने के भी आदेश हैं। आयोग ने एक महीने में इसकी रिपोर्ट मांगी है। चेयरपर्सन प्रियांक कानूनगो की ओर से साइन किए गए पत्र में कहा गया है कि विभिन्न शिकायतों के मिलने के बाद यह



नोट किया गया है कि गैर-मुस्लिम समुदाय के बच्चे गवर्नमेंट फंडेड/मान्यता प्राप्त मदरसों में जा रहे हैं। मदरसों में मुख्य रूप से बच्चों को धार्मिक शिक्षा दी जाती है। ये तीन प्रकार के होते हैं- मान्यता प्राप्त मदरसे, गैर मान्यता प्राप्त मदरसे" और अनमैप्ड मदरसे। आयोग के पत्र में कहा गया है कि हालांकि, यह भी पता चला है।

# जीएसटी की छापेमारी से छोटे व्यापारियों में बना है डर, सौंपा ज्ञापन



## छापेमारी के कारण डरे रहते हैं छोटे व्यापारी

जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने अधिकारियों से छापेमारी के कारण व्यापारियों में व्याप्त भय, दहशत से अवगत कराया। उन्होंने कहा यदि इसी प्रकार छापेमारी होती रहेगी तो विशेष रूप से छोटा व्यापारी जो प्रतिदिन एकाउंटिंग नहीं कर पाता है, या या ट्यूशन अकाउंटेंट के ऊपर निर्भर है, यदि उसके सारे दस्तावेज छापेमारी में जब्त कर विभाग अपने साथ उठा ले जाएगा, तो व्यापारी कैसे अपना अकाउंट और टैक्स का ब्यौरा दे पाएगा।उन्होंने कहा जो ईमानदार और समय से रिटर्न भरने वाला व्यापारी है वह भी इन सब छापेमारी में पीसा जाएगा ' यदि कार्यवाही करनी है तो उन व्यापारियों को चिह्नित करके किया जाए जो नगद में और अवैध रूप से व्यापार करते हैं ना कि जीएसटी दाखिल करने वाले को।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनरतले व्यापारियों ने गुरुवार को जीएसटी विभाग के अधिकारियों मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। असिस्टेंट कमिश्नर ग्रेड वन ज्योत्सना पांडेय के कक्ष में कार्यवाहक असिस्टेंट कमिश्नर प्रदीप यादव और असिस्टेंट कमिश्नर के. चौरसिया के सामने अपनी बात रखी। व्यापारियों ने कहा, प्रयागराज समेत पूरे यूपी में इन दिनों जीएसटी विभाग द्वारा ताबड़तोड़, बेहिसाब छापेमारी की जा रही है। संगठन के जिलाध्यक्ष लालू मित्तल ने कहा, छापेमारी करना विभाग का काम है लेकिन ऐसे व्यापारियों को छापेमारी के नाम पर न डराया जो ईमानदारी से और सभी मानक पूरा करते हुए काम कर रहे हैं।

## व्यापारियों से मित्रवत व्यवहार करें अधिकारी

महानगर अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने विभाग से व्यापारियों के प्रति सहानुभूति पूर्वक और बिना किसी उत्पीड़न के मित्रवत व्यवहार करने की अपेक्षा की और कहा कि इससे सरकार की छवि खराब होगी ' गंगापार जिलाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी पप्पू भैया ने व्यापारियों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया 'उपाध्यक्ष उमंग ग्रोवर ने मंदी के कारण व्यापार चौपट होने की बात बताई। महानगर महिला अध्यक्ष स्वाती निरखी ने व्यापार को 70 परसेंट से भी कम होना बताया' ज्ञापन सौंपने वालों में कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, जेएस विरदी, प्रबोध मानस, रवि शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# माधव ज्ञान केन्द्र में कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्या भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री श्री राम मनोहर जी एवं सचान क्लासेस के डायरेक्टर श्री दीपंकर सचान ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कला के माध्यम से छात्रों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को आगे लाना इस प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य है, इस प्रदर्शनी में विद्यालय की छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कनंदनी निषाद, पायल सिंह, उत्कर्ष उपाध्याय ,अनमोल प्रजापति ,स्वाति, शिवानी ,प्राची, अंशिका, रश्मि, आराध्या ,दीपांशु ,आयुष ,श्रुति ,प्रज्ञा, सिमरन, अनन्या ,प्रिया ,प्रखर एवं ऋषि ने चंद्र शेखर आजाद ,लता मंगेशकर ,भगत सिंह, अब्दुल कलाम, अपने पसंदीदा हीरो ,खिलाड़ी ,भारत के सपूतों ,सरस्वती माता का चित्र, प्राकृतिक दृश्य को स्केच ,आयल



पेंटिंग, पेंसिल कलर, वाटर पेंटिंग के रूप में उतारा उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ,श्रीमती वंदना सिन्हा ,संजय कुमार मिश्रा अमित कुमार नायक, विभूति नारायण सिंह ,बनवारी लाल चौरसिया, रामकरण सिंह ,राधेश्याम तिवारी सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे।





## सरदार पटेल इंटर कॉलेज के छात्र ने जीता इंस्पायर अवार्ड पुरस्कार

### जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रदर्शित किया मॉडल

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव के छात्र मोहम्मद कैफ ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत वर्ष 2022 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इंस्पायर अवार्ड पुरस्कार जीता है। कक्षा 10 के छात्र मोहम्मद कैफ पुत्र राज मोहम्मद ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सोलर स्ट्रीट लाइट का मॉडल प्रस्तुत किया। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में अपने सर्वश्रेष्ठ मॉडल को लेकर इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत सरकार की ओर से दस हजार की नकद धनराशि व अवार्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज वाराणसी में 9 दिसंबर को संपन्न हुआ जहां सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव के छात्र मोहम्मद कैफ ने प्रतियोगिता का अवार्ड जीता। छात्र के इस सफलता पर प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह एवं प्रशिक्षक राधेश्याम प्रजापति समेत अन्य शिक्षकों ने उत्साहवर्धन किया।

## मऊआइमा विकास खंडन परिसर में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत हुई बैठक

**मऊ आइमा।** जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री के निर्देश में प्रत्येक ग्राम पंचायतों को सहभागी सत्यापन कराकर उत्कृष्ट पंचायतों का दर्जा दिलाने हेतु एक बैठक विकास खंड परिसर में हुई।

शुक्रवार को विकास खंड मऊआइमा में ओडीएफ प्लस मॉडल के तहत जिले से आए बलवीर यादव ,अबुल हसन नकवी की टीम की मौजूदगी में ब्लाक कर्मचारी , ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायक की बैठक की गई । जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत ओडीएफ प्लस की शुरूआत को लेकर जनता के आधार पर स्वच्छता के लिए कचरा गड्ढा का प्रबंधन कराए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया और ग्रामीणों को सफाई ऐतु जागरूक किया जाए।ताकि कचरों को ग्रामीण एक स्थान पर फेकें। तथा ऐसे गड्ढों का निर्माण हो वह सोखता हो तथा खाद के काम भी आए। यही नहीं गोबर गैस प्लांट भी लगाएं। सर्वेक्षण का प्रथम स्व मूल्यांकन ग्रामीण जनता द्वारा 31 दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाए। इसकी सूचना( ईग्राम) स्वराज पोर्टल पर सचिव और पंचायत सहायक के के द्वारा फीड किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय स्व मूल्याकंन अप्रैल माह में किया जाएगा।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी एसएन चतुवेर्दी, एडीओ पंचायत विजय बहादुर यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रशेखर, अभिषेक दिक्षित ,रमेश कुमार, संजीव कुमार ,कृष्ण मोहन आदि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने सुबह के वक्त राजधानी के लिए मांगा विमान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने प्रयागराज से दिल्ली और दिल्ली से प्रयागराज के लिए फ्लाइट सुविधा शुरू किए जाने की मांग की है। लोकसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान सांसद ने प्रयागराज एयरपोर्ट का मुद्दा उठाया और कहा कि प्रयागराज की महत्ता, उपयोगिता से हर कोई वाकिफ है। संगमनगरी से मौजूदा समय में देश के विभिन्न शहरों के लिए कुल 16 फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है, उसमें देश की राजधानी नई दिल्ली भी शामिल है।

सांसद व प्रयागराज एयरपोर्ट सलाहकार समिति की सदस्य केशरी देवी पटेल ने कहा कि सुबह सात बजे से नौ और फिर शाम को सात बजे से नौ बजे के बीच नई दिल्ली से प्रयागराज और प्रयागराज से नई दिल्ली के बीच हवाई सेवा शुरू की जाए। प्रयागराज में कई विभागों के मुख्यालय, हाईकोर्ट भी है। इसके अलावा प्रतियोगी छात्रों का यह एक बहुत बड़ा हब है। ऐसे में सुबह शाम के वक्त फ्लाइट की सुविधा मिलने से लोगों की सुविधा में इजाफा होगा। उन्होंने कहा, प्रयागराज में प्रत्येक वर्ष माघ



मेला, छह वर्ष के अंतराल पर अर्धकुंभ और 12 वर्ष के अंतराल पर महाकुंभ जैसा बड़ा आयोजन होता है। इस लिहाज से भी प्रयागराज की हवाई कनेक्टिविटी बहुत जरूरी है।

सांसद ने कहा, प्रयागराज की आबादी 60 लाख के आसपास है। यहां रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। प्रयागराज एयरपोर्ट पर आवक कार्गो की स्थाई सुविधा है पर कार्गो भेजने और स्टोर करने की नहीं है। जबकि एयरपोर्ट के विस्तार योजना में कार्गो कांप्लेक्स का प्रावधान है। प्रयागराज से अमरूद, आम, हस्तशिल्प, खाद्यान्न को तत्काल बड़े बाजारों तक पहुंचाने के लिए यह सुविधा भी जरूरी है। लोकसभा सत्र के दौरान उन्होंने नियम 377 के अधीन सांसद सूचना देते हुए अध्यक्ष को संबोधित पत्र भी दिया।

## डंपर की चपेट में आया बाइक सवार, हालत गंभीर

**शंकरगढ़।** चित्रकूट से प्रयागराज की तरफ आ रहा बाइक सवार हाइवा की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह हादसा यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ। घायल को एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली हाइवा को कस्टडी में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक यमुनापार के कौंधियारा थाना क्षेत्र के आंबा के रहने वाले नागेंद्र ओझा (30) पुत्र गंगा प्रसाद ओझा किसी कार्य से चित्रकूट की तरफ गए थे। वापसी में वह बाइक से लौट रहे थे।जैसे ही वह शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के गाढ़ा कटरा के समीप पहुंचे, एक बस को ओवरटेक करने लगे, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा ने नागेंद्र ओझा को टक्कर मार दी, इस हादसे में नागेंद्र ओझा गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल को एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया। घायल नागेंद्र ओझा का पैर फ्रैक्चर हुआ है। हादसे की जानकारी पर नागेंद्र के घरवाले भी मौके पर पहुंच गए थे।

# गंगापार जिलाध्यक्ष पर हमले की जांच करने विधायक गांव पहुचे सीओ, ग्रामीणों से की पूछताछ

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के अंदावा गांव में सप्ताह भर पहले भारतीय जनता पार्टी के गंगापार अध्यक्ष अश्विनी ?द्विवेदी पर हुए जानलेवा हमले की जांच करने शुक्रवार को सीओ फूलपुर मनोज कुमार सिंह सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावा गांव पहुंचे। सीओ मनोज ने घटना के बाबत ग्रामीणों से पूछताछ की। तकरीबन एक घंटे तक गांव में तफ्तीश करने के बाद सीओ मनोज पुलिस फोर्स के साथ वापस लौट गए। पूरे मामले में वारदात का मुख्य आरोपी सोनू सिंह पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ चुका हैं। हालांकि दूसरा आरोपी अब भी फरार चल रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के



गंगापार अध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी तीन दिसंबर को झूंसी के नरायनदास का पुरा गांव के पूर्व प्रधान रामअवध सोनकर उर्फ लल्लू के साथ उनकी गाड़ी में सवार को अंदावा गांव एक तिलक समारोह में जा रहे थे। यहां पर पार्टी के एक पदाधिकारी के भाई के तिलक समारोह में अध्यक्ष अश्विनी को शामिल होना था। पार्टी के पदाधिकारी का घर न पता होने पर वहीं पर स्थित एक ढाबे के मालिक से पूर्व प्रधान लल्लू ने घर का पता पूछा। आरोप है कि इसी को लेकर ढाबा संचालक और उसके आधा दर्जन साथियों ने गालीगलौज व मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने पूर्व प्रधान के साथ ही गंगापार अध्यक्ष अश्वनी से भी मारपीट की। किसी तरह उस वक्त तो मामले को शांत कर दिया गया। इसके बाद अध्यक्ष अश्विनी तिलक कार्यक्रम में पहुंचे। वहां से गंगापार अध्यक्ष अश्विनी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में गांव से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी पर पथराव कर दिया गया। पथराव में उनकी स्कार्पियो गाड़ी का शीशा टूट गया था। पूरे मामले में पूर्व प्रधान रामअवध की तहरीर पर ढाबा संचालक सोनू सिंह, विक्रम सिंह समेत आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और एससी-एसटी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई। चार दिन पहले पुलिस ने मुख्य आरोपी ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। दूसरा आरोपी विक्रम अब भी फरार चल रहा है। शुक्रवार को सीओ फूलपुर मनोज कुमार सिंह पूरे प्रकरण की तफ्तीश के लिए गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों से पूछताछ की।



## व्यापारियों ने सफाई ब्यवस्था को लेकर बीडियो को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/प्रयागराज।** विकास खंड जसरा के जारी बाजार काली चौरा मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे एक बैठक रखी गई जिसमें जारी बाजार में सफाई ब्यवस्था को लेकर जसरा बीडियो सपना अवस्थी को ब्यापारियों ने ज्ञापन सौपा और कहा कि जारी बाजार के तीनों ग्राम सभा मे जगह जगह गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी रहती है स्थानीय लोगो की मांग है कि सफाई कर्मी नियुक्ति किया जाए जिससे बाजार में फैली गंदगी साफ हो सके संक्रामक बीमारी से बचा जा सके इस मौके पर रेनू बिहारी लाल जायसवाल जितेंद्र बबलू केसरवानी , मोती लाल कुरील ,हर्षित गुप्ता , पवन अग्रहरि ,विमलेश अग्रहरि बिनोद कुमार केसरवानी , सत्येंद्र केसरवानी , चंदन बसु ,अजय केसरवानी ,बृजेश अग्रहरि , गुड्डू केसरवानी , रितेश , कमलेश अग्रहरि, राकू गुप्ता समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे

## वर्कशाप में समझाया मैपल एप का सही से इस्तेमाल करना, पुलिस कमिश्नर ने की ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यातायात पुलिस के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश सरकार एवं यातायात निदेशालय द्वारा मैप माई इंडिया प्रोग्राम के ₹मैपल एप₹ की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज को आमंत्रित किया गया। उक्त कार्यशाला में सैकड़ों की संख्या में डीसीपीसी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने सभी को यातायात नियमों का पालन करने का सुझाव दिया, साथ ही डीसीपीसी के कार्यों की सराहना करते हुए उच्च अधिकारियों के प्रयासों को सराहा। डीसीपीसी के सचिव संतोष श्रीवास्तव ने यातायात नियमों का पालन करने और मैपल एप के प्रयोग को सही तरीके से करने की अपील की। यातायात निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और यातायात निरीक्षक शुभम कुमार ने ₹मैपल एप₹ के प्रयोग की सारी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया।

इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि आईजी चंद्रप्रकाश, जिलाधिकारी संजय खत्री, पूर्व कमिश्नर आरएस वर्मा, कुलदीपधर, प्रशांत सिंह, हसन ए नकवी, अशोक सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्र, दीपक तिवारी, संदीप सोनी, मोहम्मद फैजान, हलीम, शिवकुमार, राकेश शर्मा, योगेश चौरसिया, रमेश यादव, शिवा त्रिपाठी, मानसी केसरवानी, श्वेता राय, प्रियंका परासर प्रिया मिश्रा, कुमकुम श्रीवास्तव, सुनीता मिश्रा मौजूद रहीं।



## जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु तन-मन धन से आजीवन समर्पित रहूंगा-विमलधर दुबे

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** जन कल्याण सेवा संघ जंघई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विमलधर दुबे को उनके द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर जनहित कार्यों हेतु अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित ब्राह्मण ने बताया कि विमलधर दुबे के द्वारा क्षेत्र में जरूरतमंद लोगो की हर संभव मदद की जाती है तथा जंघई के नागरिक इंटर एवं पीजी कॉलेज स्थित भगवान शिव जी के मंदिर परिसर में विगत महिने पूर्व इंडिया मार्का हैंडपंप भी लगवाया गया था। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता विमलधर दुबे ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु मैं हमेशा आप लोगों की अपेक्षा पर खरा उतरने का प्रयास करता हूं सार्वजनिक रूप से किसी प्रकार की कोई समस्या मेरे संज्ञान में आती है तो मैं उस समस्या को हल करने का प्रयास करता हूं और भविष्य में भी करुंगा।इस अवसर पर इंदिल पांडेय युवा नेता, आनंद मिश्रा, संजय दुबे, हरिश्चंद्र दुबे, विजय मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# हिमाचल में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** हिमाचल कांग्रेस की प्रचण्ड जीत व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पर्व अध्यक्ष माननीया सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज अरुण तिवारी जी के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण कर एक दुसरे का मुंह मिठा करवाया अपनी नेता संघर्ष की मिसाल सोनिया गांधी के लम्बी उम्र की ईश्वर से कामना किया कांग्रेस कार्यकताओं ने हिमाचल प्रदेश में सही समय पर सही फैसला लेने पर वहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भूरि भूरि पसंसा किया जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की जीत जनता की जीत है भाजपा की तिकड़ी को पूरी दुनिया जान



चुकी है इनके झूठ का पदार्फाश होगा हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की प्रचण्ड जीत व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष माननीया सोनिया गांधी जी को जन्म दिवस की बधाई देने वालों में सर्व अरुण तिवारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष यमुनापार रंग राज सिंह उपाध्याय जिला कांग्रेस डा दिनेश कुमार सोनी महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार विवेक पाण्डेय उपाध्यक्ष संगठन पभारी पक ाश चन्द पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष पनय रंजन भट्टाचार्य एडो रविराज सिंह एंडो कौशलेंद्र गौण रशीद हैदर विनय कृष्ण पांडेय एडो आशीष कुमार मिश्र एंडो सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी नागेश पांडेय जी अमर नाथ यादव राज कुमार पटेल दरोगा जी रोशन लाल पटेल रोशन लाल ओझा विद्याधर मिश्र एडो रमेश तिवारी एडवोकेट शामिल रहे।

# व्यवस्थाएं दुरूस्त न होने पर सीएमओ ने दी चेतावनी

## सीएचसी सोरांव समेत दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निरीक्षण करने पहुंचे थे सीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नानक सरन शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की हकीकत देखने पहुंचे थे। सीएचसी सोरांव पर व्यवस्थाएं दुरूस्त न होने पर सीएमओ ने अधीक्षक को निर्देशित किया कि तत्काल इसें दुरूस्त करें अन्यथा दूसरी बार के निरीक्षण में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



प्रसव कक्ष की स्टाफ नर्स को निर्धारित ड्रेस में न होने के कारण उन्हें स्पष्टीकरण मांगा गया है। यही हाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिगहियां एवं बनकेसर का भी रहा। यहां कई स्वास्थ्यकर्मियों को नोटिस देते हुए वेतन रोकने का आदेश दिया गया है।

**फार्मासिस्ट और वार्डब्वाय का वेतन रोकने का आदेश**

सीएमओ डॉ. नानक सरन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिगहियां का भी निरीक्षण किया। दवाईयों का रखरखाव ठीक नहीं मिला। स्टॉक बुक भी अपडेट न होने के कारण फार्मासिस्ट राकेश कुमार श्रीवास्तव व सफाई व्यवस्था ठीक न होने के कारण स्वीपर नागेश कुमार वेतन रोकने का निर्देश दिया, साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। इसी क्रम में बनकेसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के बैठने के लिए उचित स्थान न होने पर अधीक्षक को निर्देश दिए गए कि तत्काल इसे दुरूस्त कराया जाए।

## विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों की चोरी दस्तावेज क्षतिग्रस्त

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने गैस सिलेंडर ,कुर्सी ,मिड डे मिल का अनेकों सामान चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा के सकरामऊ के अमानगंज में स्थित प्राथिमक विद्यालय का बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर विद्यालय में रखा गैस सिलेंडर ,कुर्सियां , मिड डे मिल का सामानों की चोरी कर तमाम अभिलेखों को नष्ट कर दिए और सामान अस्त व्यस्त करके भाग गए। शुक्रवार को सुबह विद्यालय पहुंचने पर चोरी की जानकारी होने पर प्राधानाध्यापक रेखा वर्मा ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# सीआरपीएफ जवान की हत्या में दो हिरासत में, घटना के वक्त मौके पर मौजूद थे दोनों आरोपी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कैंट के गंगानगर में सीआरपीएफ जवान पंकज त्रिपाठी उर्फ प्रशांत (45) की मौत के मामले में उसके दो दोस्त हिरासत में ले लिए गए हैं। दोनों नामजद हैं जिन पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस इस मामले में सिर्फ जांच जारी होने की बात कह रही है। इस मामले में मृत जवान की पत्नी नीलम त्रिपाठी की तहरीर पर तीन लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। उसका आरोप है कि घटना वाले दिन उसके पति घर से अकेले ही निकले थे। शाम 7.30 बजे के करीब जितेंद्र उर्फ मोनू, राज ओझा, विनय यादव व अन्य आए और बताया कि प्रशांत का एक्सीडेंट हो गया है। साथ ही प्रशांत की लाइसेंसी पिस्टल भी थमा दी। सीटी स्कैन होने पर पता चला कि सिर में गोली लगी है। पत्नी का यह भी आरोप है कि लखनऊ ले जाने पर डॉक्टरों ने सिर की हड्डियां टूटे होने की भी बात बताई थी। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को जितेंद्र और राज को हिरासत में ले लिया। उनसे देर रात तक पूछताछ जारी रही। हालांकि कैंट इंस्पेक्टर रुकुमपाल सिंह ने सिर्फ इतना कहा कि जांच जारी है। वह तीसरे नामजद आरोपी विनय यादव के बारे में भी कुछ बता नहीं पाए।

**फोन कर बुलाया था, पूर्व में हुई थी बहस**

पत्नी की ओर से दी गई तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि पति का फोन चेक करने पर पता चला कि उन्हें फोन कर बुलाया गया था। आरोप यह भी है कि छुट्टी पर आने के दौरान ही किसी बात को लेकर जितेंद्र और उसके साथियों से पति की बहस हुई थी। इसके बारे में उसने बताया भी था। पत्नी का आरोप है कि प्लानिंग के तहत उनके पति को बुलाकर हत्या कर दी गई।

## अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर पति पत्नी के साथ करता रहा अप्राकृतिक मैथुन

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** दहेज में पांच लाख और सफारी गाडी की मांग न पूरी होने पर पति पत्नी से करता रहा अप्राकृतिक मैथुन । तथा मार पीट कर भगा दिया। विवाहिता ने पति सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पीडिता को पुलिस मेडिकल के लिए भेज दी है।

जनपद चित्रकूट के घरवारा थाना रामनगर रैपुरा निवासनीय एक विवाहिता का आरोप है कि उसकी शादी 2021 को मऊआइमा के ग्राम मदारी निवासी धन्यजय तिवारी पुत्र विमल चन्द्र उर्फ लल्लू तिवारी के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से उससे पांच लाख रुपये और टाटा सफरी गाडी की मांग करते चले आ रहे हैं। तथा थोडी थोडी बात पर ससुरालियों द्वारा उत्पीड़न किया जाने लगा। यह बातें वह अपने मयके बराबर बताती रही। बहुत समझाने और बुझाने के बाद भी ससुरालियों के हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। विवाहिता का आरोप है कि हद तब हो गई जब उसके लाख विरोध के बावजूद पति उसके साथ अप्राकृतिक मैथून करने लगा। तथा कहने लगा जब तक दहेज की मांग नहीं पूरी होती तब तक वह यह कार्य करता रहेगा। विवाहिता ने गुरुवार की रात विरोध किया तो उसे मार पीट कर घर भगा दिया गया और कहीं शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता ने सारी आप बीती अपने मयके को बताई। विवाहिता अपने पिता को लेकर थाने आयी और तहरीर दी। पुलिस ने विवाहिता के पति धन्यजय तिवारी ,ससुर विमल चन्द्र उर्फ लल्लू तिवारी ,चचिया ससुर मूल चन्द्र तिवारी ,चचिया सास नाम अज्ञात ,ननद गुडिया ,जेठ मृत्युंजय तिवारी ,जेठानी आरती ,देवर अनुज तिवारी सभी निवासी गण मदारी थाना मऊआइमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीडिता को महिला कांस्टेबल के साथ मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया गया है।

## ग्रामसभा की जमीन पर अवैध प्लाटिंग करने वालो हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** ग्रामसभा की जमीन कब्जा कर अवैध प्लाटिंग करने वालो के खिलाफ जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेश पर झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इनके कब्जे से करोणों की जमीन को मुक्त कराई गई है। पुलिस का कहना है कि ऐसे लोगो के खिलाफ जांच के बाद भूमाफिया की भी कार्यवाही की जायेगी।

शिकायत मिली थी कि उस्तापुर गांव निवासी राम लखन यादव उर्फ पटेला पुत्र सैलानी यादव व उस्तापुर महमूदाबाद निवासी गुलाब गिरी व उसके भाई बृजभूषण गिरी तीनो लोग उस्तापुर महमूदाबाद उपरहार, छतनाग, छतनाग उपरहार में ग्राम सभा की जमीन कब्जा कर प्लाटिंग कर भेच रहे है।

मंडलायुक्त के निर्देश हंडिया, सोरांव के नायाब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल की 6 सदस्य कमेटी गठित कर मामले की जांच कराई जिसके बाद इनके कब्जे से करोड़ों की जमीन मुक्त कराई गई। शुक्रवार को नीबी के लेखपाल वीरेंद्र कुमार व छतनाग के लेखपाल राधेश्याम पटेल ने राम लखन यादव उर्फ पटेला पर दो अलग अलग एफआईआर दर्ज कराई है। वही राधेश्याम लेखपाल ने गुलाब गिरी, बृजभूषण गिरी पर भी सरकारी जमीन कब्जा कर प्लाटिंग करने का मामला दर्ज कराया है। मामले की जानकारी के लिए एसडीएम फूलपुर से संपर्क किया गया और उनका फोन नहीं उठा।

## पूर्व सांसद अतीक व बेटे अली समेत तीन पर चार्जशीट, प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग के मामले में सही मिले आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में माफिया अतीक अहमद व उसके बेटे अली समेत तीन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। पुलिस को विवेचना के दौरान तीनों पर लगाए गए आरोप सही मिले हैं। इसके बाद चार्जशीट प्रेषित कर दी गई है। मामले में सात अन्य आरोपियों के खिलाफ विवेचना प्रचलित है। इनमें असाद, इमरान उर्फ गुड्डू, आरिफ उर्फ कछौली, गोलू, फैसल व उसके भाई मैसर और एक अज्ञात शामिल हैं। पुलिस ने अतीक व उसके बेटे अली के साथ ही गुर्गे अमन सिंह के



खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

गौरतलब है कि चकिया निवासी जीशान उर्फ जानू ने पूरामुफ्ती थाने में 31 जुलाई को कुल 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि मंदरी स्थित जमीन पर जाने के दौरान उस पर पिस्टल से फायरिंग की गई। इसमें वह बाल-बाल बच गया।घटना 26 जुलाई की बताई गई। जीशान ने आरोप लगाया था कि दोपहर 2.45 बजे के करीब वह मंदरी स्थित जमीन देखने गया था। तभी एर्टिगा गाड़ी से कुछ लोग पहुंचे। इसमें से एक ने चेहरे पर मास्क लगाया था जिसके ललकारने पर गाड़ी में बैठे अन्य लोगों ने उसे मारने के लिए खदेड़ लिया। वह जान बचाने के लिए भागा तो पिस्टल से फायरिंग की गई जिसमें वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग की आवाज सुनकर गांववाले दौड़े जिन्हें देखकर हमलावर भाग निकले। पूरामुफ्ती एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगा दी गई है।

## होटल में पुलिस ने मारा छापा, हड़कम्प




**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** सीओ फूलपुर ने सरायइनायत पुलिस के साथ होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में छापा मारा। अचानक हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। रेस्टोरेंट में आये नाबालिल छात्र छत्राओं से पूछताछ की गई। दो दिन पहले अंदावा के एक होटल में हुए रेप के मामले की जांच करने पहुचे सीओ फूलपुर मनोज कुमार सिंह होटल के पास स्थित रेस्टोरेंट में फोर्स के साथ पहुच गए। अचानक रेस्टोरेंट में पहुची पुलिस को देख वहा मौजूद लोगो में खलबली मच गई। रेस्टोरेंट में कई नाबालिक लड़के लड़कियों का जोड़ा मौजूद था। पुलिस ने सभी से पूछताछ कर हिदायद दी। इस दौरान सीओ फूलपुर ने सरायइनायत पुलिस को निर्देश दिया की क्षेत्र में संचालित होने वाले ढाबो, रेस्टोरेंटों, होटलों में अचानक छापेमारी की जाय।

# बाल कल्याण समिति के चेयरमैन डॉ. अखिलेश मिश्र की बर्खास्तगी पर रोक, कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र के बर्खास्तगी आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब तलब किया है।

डॉ. मिश्र को सचिव महिला एवं बाल कल्याण के एक नवंबर 2022 के आदेश से पद से बर्खास्त कर दिया गया था। इस आदेश को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी गई है। याचिका पर न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अजीत सिंह की खंडपीठ ने सुनवाई की।याचिका पर पक्ष रख रहीं अधिवक्ता सुभाष राठी का कहना था कि सचिव का आदेश एकतरफा और नियम विरुद्ध है। आदेश पारित करने में जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 27 (7) के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। उनका यह भी कहना था कि सिर्फ जिलाधिकारी द्वारा गठित दो सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट को आधार बनाकर एक तरफ कार्रवाई की गई है। यहां तक कि याची द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर भी विचार नहीं किया गया। जांच समिति द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट भी याची को अब तक नहीं दी गई है। कोर्ट ने याची के अधिवक्ता की दलीलों में प्रथम द्दष्टया बल पाते हुए एक नवंबर 2022 के बर्खास्तगी आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही प्रदेश सरकार को तीन सप्ताह में इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

मामले में बाल कल्याण समिति ने जगवंती देवी बाल गृह राजरूपपुर में एक बालक के यौन शोषण की रिपोर्ट जिला अधिकारी और जिला प्रोबेशन अधिकारी को भेजी थी। इस संबंध में स्थानीय समाचार पत्रों में भी बालक के यौन शोषण की खबर प्रकाशित हुई। जिसे आधार बनाकर जिलाधिकारी ने दो सदस्य जांच कमेटी गठित की। जांच कमेटी की रिपोर्ट में बाल कल्याण समिति की शिकायतों के गलत होने का दावा किया गया साथ ही अध्यक्ष बाल कल्याण समिति को यह जानकारी मीडिया में लीक करने का दोषी ठहराया गया। इस रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए सचिव महिला एवं बाल कल्याण ने अध्यक्ष अखिलेश मिश्र से स्पष्टीकरण मांगा था ।अध्यक्ष ने अपने स्पष्टीकरण में कहा कि समिति ने पीड़ित बालक व उसकी मां का बयान रिकॉर्ड करने के बाद अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की थी। जबकि, जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति ने बिना पीड़ित बालक और उसकी मां का बयान लिए ही बाल कल्याण समिति को की रिपोर्ट को झुठला दिया। याचिका में यह भी कहा गया है कि बाल कल्याण समिति द्वारा सभी निरीक्षण की रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की जाती है। इसलिए अध्यक्ष पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप निराधार है। मामले की अगली सुनवाई नौ जनवरी 2023 को होगी।

## दुराचार के आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर, चचेरी बहन ने दर्ज कराया था मुकदमा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर के स्वार थाने में दर्ज प्राथमिकी में रेप के आरोपी की जमानत मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा. आरोपी को निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों के साथ बरी किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने सलाउद्दीन की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।याची के खिलाफ चचेरी बहन ने रेप के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। याची 10 सितंबर 2022 से जेल में बंद हैं। आरोप है कि वह उसके संपर्क में था। उसने शादी से मना कर दिया तो उसने प्राथमिकी दर्ज करा दी। याची की ओर से कहा गया कि इसकी कोई मेडिकल रिपोर्ट नहीं है। साथ ही मेडिकल जांच कराने से भी इन्कार कर दिया। कोर्ट ने इन तथ्यों के मद्देनजर याची की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उसे रिहा करने का आदेश दिया।

## बैंक कर्मी से 3.50 लाख की हुई लूट? का करछना पुलिस जल्द कर सकती हैं खुलासा

**करछना।** बैंक कर्मी से कैश लूट की घटना के बाद पुलिस टीम ने कयी संदिग्धो से हिरासत में लेकर पूछताछ में मिली जानकारी से पुलिस जल्द कर सकती हैं खुलासा ,लूट की घटना को अंजाम में बैंक कर्मी भी शामिल होने की बात सामने आई है सूत्र फिलहाल मामले का एक दो दिन में पुलिस कभी भी खुलासा कर सकती हैं बता दें कि गत मंगलवार की सुबह 10 बजकर दो सेकेंड पर करछना थाना के साधुकुटी चौराहे से महज 50 मीटर की दूरी पर करछना-रामपुर मार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की करछना शाखा में 03 लाख 50 हजार रुपया बोलेरो से जमा करने गया था उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से रेडियंट सीएमएस अजित कुमार पांडेय निवासी भुंडा,करछना जैसे ही ड्राईवर गेट खोलकर बैग कंधे पर टांगे तभी दो बाईक सवार युवक पहुँचे और कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गये।जिससे हक्का बक्का रह गये अजित की कुछ देर तक आवाज तक नही निकली।जब उंन्होने पास खड़े बैंक कर्मियों व अन्य लोगो से घटना के बारे में बताया तब तक लुटेरे बैग लेकर नौ दो ग्यारह हो गये।जिसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर एसपी क्राइम सतीश चंद्र, एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित,सीओ करछना अजित सिंह चौहान,प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिंह,एसओजी प्रभारी राजेश उपाध्याय व यमुनापार प्रभारी रणजीत सिंह मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल में लग गये।वायरलैस से सूचना होने पर जगह जगह सम्बंधित थानों व चौकियों पर चेकिंग लगाया गया।

## पोस्टर प्रतियोगिता में बृज मंगल कालेज की छात्रा तनवीर रही अव्वल

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृज मंगल सिंह इ.का.में गुरुवार को बच्चों की पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दौरान कक्षा 10और 12के कुल 24 छात्र,छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिक्षक जगत पाल और मो0परवेज सिद्दीकी की चयन टीम के निर्णय के उपरान्त कक्षा10ब छात्रा तनवीर फात्मा पहले स्थान पर रहीं। जबकि रहनुमा सिद्दीकी को दूसराऔर चंचल द्विवेदी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों ने पोस्टर को प्रचार प्रसार का सहज माध्यम बताते हुए



बच्चों से अपने घरों में इसे लगाने और अपने आस पास के लोगों को मतदाता बनने के साथ साथ अधिक से अधिक मतदान करने के प्रति प्रेरित किया।इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार,प्रवक्ता जीतेन्द्र कुमार,विजय सिंह,एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी,चन्द्र शेखर सिंह,सुरेश कुमार समेत शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

## शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी, तीन का चालान

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने धारा 304 के मामले में वांछित चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने के सब इंस्पेक्टर गंगाराम सोनकर ने कांस्टेबल संतोष पटेल व रामबाबू के साथ छापा मारकर वारंटी राहुल तिवारी पुत्र रामभाष्कर तिवारी (लोहगरा,बारा) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद वारंटी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में शंकरगढ़ पुलिस ने तीन लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। एसओ शंकरगढ़ ने बताया कि शांतिभंग की आशंका में देवेश सिंह पटेल पुत्र लक्ष्मीनारायण सिंह (निवासी लौंदकला, बघला, लालापुर), आकाश सिंह पटेल पुत्र जय सिंह (निवासी कल्याणपुर, शंकरगढ़) और नितीश सिंह पुत्र कमलाकर सिंह (निवासी करियाखुर्द, शंकरगढ़) का 151, 107, 116 के तहत चालान किया गया है।

# टोंस नदी परिक्रमा को लेकर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने किए बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** 11 दिसंबर से शुरू होने वाले टोंस परिक्रमा को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने शुक्रवार को मेजा के बंधवा गांव मे बैठक कर यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया। विचार विमर्श के दौरान योगेश शुक्ल ने कहा कि प्रयाग, ब्रम्हा जी के प्रथम यज्ञ का भू-क्षेत्र, सोम, वरुण और प्रजापति का जन्म स्थान, महर्षि भरद्वाज और वाल्मीकि कि कर्मभूमि रही है। इसी प्रयाग मे एक नदी टौंस नदी बहती है। टोंस गंगा की एक




महत्वपूर्ण सहायक नदी है जो प्रयागराज जनपद के यमुनापार क्षेत्र में सिरसा के पास चौकी और पनासा गांव के तटों पर गंगा से मिलती है। मध्य प्रदेश के कैमूर पर्वत से निकली यह टोंस नदी गंगा की तरफ बढ़ते हुये जिस स्थान पर प्रयागराज जनपद और उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करती है वहां प्रयागराज के दक्षिणी छोर से बहने वाली नदी बेलन का संगम होता है। इसी बेलन नदी की घाटी में पुरा-पाषाण काल से पनपी सभ्यता को इतिहासकार विश्व प्रसिद्ध बेलन घाटी सभ्यता के रूप में परिभाषित करते हैं। मानव सभ्यता के सभी अध्यायों को समेटे हुये और इतिहास की प्राचीनतम सभ्यताओं से इस क्षेत्र का नाता जोड़ने वाली ये नदियां बेहद खूबसूरत और प्राकृतिक सौन्दर्य से सुशोभित हैं।इत यमुना, उत नर्मदा, इत चम्बल, उत टोंस। क्षत्रशाल सो लरन की, रही न काहूँ होस । यह वही टोंस नदी है जो वीर क्षत्रशाल के साम्राज्य की पूर्वी सीमा को पहचान देती थी। इस टोंस नदी के तट पर रहने वाले लोग सनातनी परम्परा के पोषक हैं भारतीय संस्कृति एवं विरासत के वाहक भी। श्री शुक्ल ने कहा कि मुझे भरोसा है कि इस यात्रा से मुझे और मेरे साथी सह-यात्रियों को टोंस की वर्तमान स्थिति तथा उसके तट पर बसे गांवों की संस्कृति, विरासत, परम्पराओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल, हेमंत दुबे, वीरेन्द्र मिश्र, सुभाष पयासी, पप्पू उपाध्याय, हरिमोहन पाण्डेय, विनय शुक्ल, रमाकांत निषाद सहित कई भाजपाई मौजूद रहे।

## शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं: एस. आर. सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** बेटियां कुदरत का अनमोल वरदान होती हैं। बिन बेटियों के सारा जहाँ सूना लगता हैं।प्राचीन काल से ही बेटियों ने शिक्षा, साहित्य, सेवा, राजनीति समेत विभिन्न क्षेत्रों मे अपने मेहनत एवम दूरदर्शिता के बल पर सफलता के उच्च शिखर पर विराजमान होकर अपने माता -पिता, गुरु, समाज एवम राष्ट्र को गौरवान्वित करती आयी हैं। बेटियों को यदि पुत्रों के बराबर अवसर एवम संसाधन मुहैया करवाया जाए तो बेटियां किसी किसी भी मामले मे बेटों से कम नहीं हैं। बेटियों को पढ़ाने एवम आगे बढ़ाने की दिशा मे क्षेत्र मे स्थित श्री सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज सहलोलवा का बहुत बड़ा एवम अविस्मरणीय योगदान हैं उक्त बातें प्रधानाचार्य श्री शिव रतन सिंह ने विद्यालय मे अध्ययनरत मेधावी



छात्राओं को सम्मानित करने के दौरान व्यक्त किये। प्रधानाचार्य श्री एस. आर. सिंह का मानना हैं कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार हैं इसमें किसी भी तरह का भेदभाव करना ठीक नहीं हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि प्रबंध समिति विद्यालय के स्थापना काल से ही बेटियों को आगे बढ़ाने मे बहुत ज्यादा सक्रिय रहा हैं आज उसी का परिणाम हैं कि विगत दस वर्षों के अंतराल मे बहुसंख्यक मात्रा मे बेटियां उच्च उच्च पदों पर आसीन होकर विद्यालय, समाज एवम राष्ट्र को गौरवान्वित कर रहीं हैं जिसे देखकर विद्यालय परिवार बहुत ज्यादा गौरवान्वित हैं। इंटर तक संचालित सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज जनपद प्रयागराज मे विज्ञान, शिक्षा, अनुशासन इत्यादि मे महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। प्रति वर्ष उक्त शैक्षिक संस्थान से विभिन्न क्षेत्रों मे विद्यार्थियों के दाखिले एवम चयन होते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एस. आर. सिंह का यह भी मानना हैं कि व्यक्ति को विद्या कभी भी नौकरी के उद्देश्य से ग्रहण नहीं करनी चाहिए बल्कि शिक्षा को जब जागरूकता एवम अपने अधिकारों को जानने अथवा समझने की दिशा मे ग्रहण किया जाए तो इससे विद्यार्थियों मे जागरूकता तो बढ़ेगी ही साथ ही विभिन्न क्षेत्रों मे सेवाओं के द्वार भी खुलेंगे। सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र के सहलोलवा मे स्थित श्री सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज शिक्षा, अनुशासन, खेलकूद के साथ -साथ मतदाता जागरूकता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण, नारी शिक्षा समेत सैकड़ो सामजिक विषयों पर समाज मे जागरूकता का प्रचार प्रसार समयानुसार किया जाता रहता हैं।

# शहर के हर वार्डों का समुचित विकास करने का हुआ प्रयासः हरिप्रताप

## महुली वार्ड में इंटरलाकिंग सड़क व नाली का हुआ अध्यक्षा ने किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने शहर के महुली वार्ड में मण्डी समिति के सामने पांच लाख की लागत से स्व0 अवधेष सिंह के घर के बगल से सुषीला देवी स्कूल होते हुए अषोक तिवारी के घर तक बनी इंटरलाकिंग सड़क व नाली का लोकार्पण किया।

इस सड़क के बन जाने से अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कोई असुविधा नहीं होगी। इसके अलावा नाली के बन जाने से अब जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि नगर पालिका का विस्तार हो जाने से अभी भी कई नये वार्डों में सड़क व नाली की व्यवस्था की जानी है। नागरिकों का सहयोग पहले की तरह मिलता रहा तो नगर के हर वार्ड में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि शहर के हर वार्डों में विकास करने का नगर पालिका ने भरसक प्रयास किया है। शहरवासियों की सफाई, प्रकाष, सड़क, नाली व पार्क की समुचित व्यवस्था नगर पालिका ने की है। अब तो कम्पनी गार्डेन व अटल पार्क में ओपेन जिम की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कर दी गई है। कार्यक्रम के संचालक ज्वाला सिंह ने बताया कि पांच लाख रुपये की लागत से 150 मीटर लम्बी इंटरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सभासद दीपक कुमार वैष्य, नामित सभासद गायत्री शुक्ला, नगर पालिका के मिथिलेष सिंह, ओम प्रकाष शुक्ला, अनिल शुक्ला, महेष तिवारी के अलावा क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।



इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण करतीं अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

# चुनावी नतीजे बता रहे जनता बीजेपी का ढूंढ रही विकल्पः प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा सदस्य प्रमोद ने मंहगाई तथा बेरोजगारी पर बोलता हमला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि तीन राज्यो मे हालिया चुनावी नतीजो से यह स्पष्ट हो गया है कि मंहगाई तथा बेरोजगारी को लेकर असफल हुई मोदी सरकार के अब सत्ता से ढलान के दिन आ गये हैं।

श्री तिवारी ने कहा कि गुजरात मे बीजेपी तथा दिल्ली मे नगर निगम चुनाव मे आम आदमी पार्टी तथा हिमांचल प्रदेश मे कांग्रेस पार्टी की निर्णायक विजय के साथ छत्तीसगढ़, बिहार, उडीसा एवं उत्तर प्रदेश मे हुए उप चुनाव के परिणामों से यह तस्वीर उभरी है कि अब देश का मतदाता बीजेपी का विकल्प ढूंढ रहा है। उन्होनें कहा कि इन चुनावों के मिले ताजा परिणामों से यह साफ हो गया है कि भाजपा को उसकी असफलताओं पर जनता को जहां भी जो भी बीजेपी को हराता हुआ दिख रहा है वह उसके साथ खड़ी हो रही है। शुक्रवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रमोद तिवारी लालगंज में विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर प्रेसवार्ता मे कहा कि तीन राज्यो मे हुए चुनाव मे भाजपा दो राज्यों मे बुरी तरह चुनाव हार गयी है। उन्होने बीजेपी पर हमलावर होते हुए कहा कि हिमांचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी और दिल्ली के नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की निर्णायक विजय होना और जनता का इन राज्यो मे बीजेपी के साथ न जाना इस बात का साफ ऐलान है कि अब भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है।



राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

## बाजार में आयकर विभाग की धमक, हड़कंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर की बाजार मे शुक्रवार को आयकर विभाग की आकस्मिक छापेमारी की खबर लगते ही हडकम्प मच गया। लालगंज बाजार मे दोपहर के करीब आयकर विभाग की टीम आ धमकी। टीम की भनक लगते ही बड़े बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानो के शटर गिरने लगे। देखते ही देखते लखनऊ वाराणसी के लालगंज प्रतापगढ़ तथा घुइसरनाथ रोड पर इलेक्ट्रिक, लोहे, सीमेण्ट व सरिया आदि के साथ कपड़ो के भी बड़े शोरूम का शटर डाउन हो गया। व्यापारी दुकानों को बंद कर इधर उधर आयकर विभाग की गतिविधियो पर नजर भी रखते देखे गये। हालांकि आयकर विभाग के अफसरो ने अपना नाम बताने से तो परहेज किया ही कुछ लोगों के द्वारा फोटोग्राफी देख भड़क भी गये। अफसरो ने फोटोग्राफी पर मनाही कर दी। विभाग की यहां आहट को लेकर लालगंज के अलावा सांगीपुर तथा जलेशरगंज व रानीगंज कैथौला व सगरा सुंदरपुर बाजारो मे भी दोपहर बाद से हडकंप का माहौल दिखा। सूत्रो के मुताबिक जीएसटी आदि की बिलिंग को ऑनलाइन दुरूस्त न देख आयकर विभाग की टीम चुपचाप यहां बाजार मे आ धमकी। व्यापारियो मे इस बात की भी गुप्तगू दिखी कि टीम यहां से जाएगी अथवा दोबारा अचानक दस्तक दे सकेगी। बाजार मे टीम की मौजूदगी को लेकर सहालग मे कपडे आदि की खरीददारी करने आये लोगों को भी मायूस देखा गया। लोगों के बीच यह चर्चा रही कि आखिर ऐसा क्या है कि एकाएक यहां बड़े शोरूम पर ताला लटक रहा है।

# रामराज इंटर कालेज में धूमधाम से मनाई गई पंडित रामराज शुक्ल की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को पट्टी नगर स्थित रामराज इंटर कॉलेज में धूमधाम से पंडित स्वतंत्रता सेनानी तथा कई विद्यालयों के संस्थापक पंडित रामराज शुक्ल की जयंती धूमधाम मनाई गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पंडित राम राज शुक्ला के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला वहीं दूसरी तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन उसके बाद विद्यालय परिसर में स्थापित पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय और रामराज शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। मां सरस्वती की वंदना कीर्ति तिवारी तथा मनीषा द्वारा तथा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया वर्षा प्रियंका द्वारा किया गया। उसके बाद प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत भाषण दिया फिर कक्षा 11 की छात्राओं स्नेहा सोनी ने देश रंगीला गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

अंशु चैहान ने पावन अति मनभावन गीत से मौजूद लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कक्षा-12 के छात्रों द्वारा अब के बरस तुझे धरती की रानी गीत प्रस्तुत किया तो राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत पर लोग तालियां बजाने लगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर आयुक्त वाराणसी मंडल प्रदीप सिंह ने रामराज इंटर कॉलेज में अध्ययन के दौरान अपनी स्मृतियों को साझा किया। ग्रामीण इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्याम किशोर शुक्ला ने स्वतंत्रता सेनानी रामराज शुक्ल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें मजदूर किसानों का सच्चा हितैषी बताया विद्यालय के अध्यक्ष प्रशांत देव शुक्ल ने पंडित जी को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान की चर्चा करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं ने मोह लिया मन




रामाराज इंटर कालेज में आयोजित जयंती पर मौजूद अतिथिगण।

## जिला कांग्रेस कमेटी में भी मनाया गया जन्मदिन

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी पूर्व विधायक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम राज शुक्ला व पीसीसी सदस्य डॉ प्रशांत देव शुक्ल का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। उक्त बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि सोनिया गांधी जी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल रही है। हिमाचल की जीत को कांग्रेस कार्यकताओं की जीत बताएं कांग्रेस पार्टी में कार्यकताओं का उत्साह दुगना हो गया है। उक्त कार्यक्रम मैं सभी तीनों लोगों को बधाई देते हुए लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। उक्त बैठक में उपाध्यक्ष डॉ वीके सिंह प्रवक्ता कपिल द्विवेदी जी डॉक्टर नीरज तिवारी वेदांत तिवारी दानिश माबूद, महेंद्र शुक्ला, सरोज कश्यप, उत्सव भूषण पाल, आशुतोष तिवारी, इंदिरा आनंद तिवारी, श्याम शंकर तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेजल ठाकुर व मिथिलेश त्रिपाठी ने दी अपनी प्रस्तुति

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** राम राज इंटर कॉलेज में पंडित राम राज शुक्ला के जन्म जयंती कार्यक्रम के अवसर पर टीवी चैनल की लोकप्रिय गायिका सेजल ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत सजा दो घर को गुलशन से तथा सोहर गीत चंदा मामा रे आवा परे आवा गीत प्रस्तुत किया तो लोग ताली बजाने पर मजबूर हो गए स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी के महाकाव्य पर लिखी गई रामराज शुक्ल के व्यक्तित्व को प्रकाशित करने वाली पंक्तियों को पढ़ा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम शंकर मिश्र प्रशांत देव शुक्ला, ईओ मनोज प्रियदर्शी, इम्तियाज अहमद, सीताराम इंटर कालेज के प्रबंधक श्याम शंकर मिश्रा, पवन सिंह, सहेली संगिनी सहेली की फाउंडर महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही प्रियल भरद्वाज, राजकुमार वर्मा, रामगुलाब सिंह, पूर्व प्राचार्य राजदेव मिश्र, संगमलाल शुक्ला, रामाशंकर मिश्र, राम लवट यादव, अवधेश प्रसाद त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्याम ने किया।

## नर्स पर प्रसूता की मौत को लेकर लापरवाही का आरोप, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रसव पीड़ा के चलते विवाहिता की मौत को लेकर पति ने नर्स की लापरवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे शोभा सिंह का पुरवा, आमीशंकरपुर निवासी बब्लू सरोज पुत्र सदाशिव सरोज ने सांगीपुर थाने मे शुक्रवार को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि गुरूवार की रात सांगीपुर अस्पताल मे नर्स की लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत हो गयी। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गुरूवार की रात करीब दस बजे उसकी पत्नी सरिता सरोज 30 को प्रसव पीड़ा हुई। वह पत्नी को लेकर सांगीपुर सीएचसी ले गया। जहां चिकित्सको ने बताया कि प्रसूता के पेट मे बच्चा उलट गया है। इस पर सरिता को जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीडित का कहना है कि वह पत्नी को लेकर प्रतापगढ़ जाने की तैयारी कर रहा था कि वहां एक सेवानिवृत्त असांव निवासिनी नर्स विमला तिवारी पैसे के लालच मे पत्नी को रोक लिया। दस हजार की मांग करते हुए नर्स ने सुरक्षित प्रसव कराए जाने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि नर्स के द्वारा चार सुई लगायी गयी तभी उसकी पत्नी की हालत बिगड़ गयी। इस पर नर्स ने पीड़ित को प्रसव पीड़ा से कराह रही पत्नी को जिला अस्पताल ले जाने को कहा। जिला अस्पताल ले जाते समय लालगंज में पत्नी की मौत हो गयी। मृतका का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतका का मायका पडोसी जिले के सरैंया महमदपुर अमेठी है। मृतका अपने पीछे तीन साल की मासूम बेटी निराश्रित छोड गयी है।

# अध्यक्ष व सभासद की सीटों के आरक्षण पर हो पुनर्विचारः व्यापार मण्डल

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल की बैठक में वक्ताओं ने आरक्षण पर किया विचार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में उन्ही के प्रतिष्ठान चैक बाजाजा रोड पर संपन्न हुई, जिसका संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

बैठक में व्यापारी-हित व जन-हित को देखते हुए आगामी नगर पालिका चुनाव में पालिका-अध्यक्ष व सभासद सीटों के घोषित आरक्षण व अनारक्षण और समुचित चयन पर आपत्ति के संदर्भ में परिचर्चा हुई जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामशंकर जायसवाल, नगर युवाध्यक्ष अख़्तर राइन, जिला महामंत्री संजय सोनी आदि ने कहा कि प्रतापगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद का आरक्षण पिछड़ा वर्ग घोषित किया जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने कहा कि नगर पालिका चुनाव में जनता परिवर्तन की मांग चाह रही है। बैठक में मुख्य रूप से मुरलीधर केसरवानी, कृष्ण मोहन केसरवानी, सुरेश चंद्र केसरवानी, राहुल केसरवानी, सतीश सोनी, श्यामलाल जायसवाल, शकील अख़्तर, आशीष सिंह, शारदा, अली हुसैन, प्रदीप यादव, खदान, धीरज उपाध्याय, इफ्तिखार अहमद, शिव कुमार सोनी, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार वसिंदर सिंह, अमित सिंह, प्रवीण केसरवानी, सुनील जायसवाल, पवन कुमार आदि अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारीगण मौजूद रहे।



व्यापार मण्डल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी।

# गड्ढायुक्त सड़क पर लोगों को हो रही परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** बड़ी कठिन है डगरिया प्रतापगढ की नगरिया कहावत सटीक दिखाई रही है मधवापुर कुसुवापुर वाया रायपुर भटनी मार्ग से होते हुए रानीगंज कैथवला की गड्ढायुक्त सड़क पर जहाँ कदम कदम पर मौत दिखाई देती है चलते है परियावां लवाना मार्ग से जुड़े मधवापुर कुसुवापुर मार्ग पर जहाँ गड्ढायुक्त सड़क के दोनों तरफ बबूल की झाड़ियों के बीच प्रतापगढ़ शहर को जाने वाली डग्गामारी बस इसी रास्ते से सवारियों की जान जोखिम में डालकर गुजरते है जहां कदम कदम पर बड़े बड़े सडक पर गड्ढे दिखाई दे रहे है यदि बस के गुजरने के दौरान सामने से कोई बड़ा वाहन आ जाये तो फिर बेडा गर्ग है।

बस में ठसा ठस सवारियां के बीच गड्ढायुक्त सड़क पर गुजरने वाली डग्गामार बस झूला की तरह झूलते हुए चलती है जिससे कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नही किया जा सकता।जब कि प्रदेश की योगी सरकार ने गड्ढायुक्त सड़क को खत्म करने के लिए लोक निर्माण विभाग को 30 नम्वर 22 तक का समय दिया था लेकिन उक्त सड़क गड्ढमुक्त नही हो सकी इसी सड़क पर से परियावां के आस पास के छोटे छोटे ब्यापारी कुसुवापुर बाजार जाने आने के लिए गुजरते है लेकिन जो जान जोखिम में डालकर कर किसी तरह अपनी मंजिल तक पहुचते है यही हाल है लवाना से रायपुर भटनी होते हुए रानीगंज कैथवला के आने जाने का है जहां लवाना से रायपुर भटनी तक की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी इसी रास्ते से जान जोखिम में डालकर प्राइवेट बस सवारियों को रानीगंज कैथवला लालगंज व प्रतापगढ पहुचाते है। आज भी गड्ढायुक्त सड़कों पर चलने के लिए लोग मजबूर हो रहे है।

## जान जोखिम में डालकर चल रहे राहगीर

# ब्लाक प्रमुख के भाई की हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

## गोली से घायल अधेड़ का चल रहा है इलाज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को पुलिस ने बड़े भाई की तहरीर के आधार पर छोटे भाई पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मौसेरे भाई व उसकी पत्नी पर मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। उधर पुलिस भी एहतियातन गॉव पर नजर बनाए रखी है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के सुजाखार गांव निवासी शिवेंद्र सिंह मुन्ना पुत्र शिव सहाय सिंह व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह दोनो सगे मौसेरे भाई है। सुजाखर निवासी अशोक सिह ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके मौसेरे भाई शिवेन्द्र सिह पुत्र शिव सहाय सिह से जमीन को लेकर काफी अरसे से विवाद चला आ रहा है।गुरुवार को शिवेंद्र घर के बगल सामूहिक जमीन पर कब्जे की नीयत से शौचालय बनवा रहा था। मेरा छोटा भाई संतोष सिंह (50) पुत्र शिवसागर सिंह उसे रोकने गया, इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद शुरू हो गया।इसी बात को लेकर जब रोका तो शिवेंद्र सिंह की पत्नी ने कुसुम सिंह ने पिस्टल घर से लाकर दी और जान से मार देने के लिए ललकारा।

शिवेन्द्र ने मेरे भाई के ऊपर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर कर दिया। जिससे गोली भाई की जांघ में जा लगी।गोली की आवाज सुनते ही मै और मेरे साथ मौजूद लोग दौडे। उसके बाद आरोपी भाग गया।घायल अवस्था मे भाई को आनन-फानन में अस्पताल ले आया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालात नाजुक देखते हुए प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जाँच में जुट गई।

# भारतीय गायन में शाइना बानो व भाषण प्रतियोगिता में अमित पाण्डेय रहे अव्वल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित युवोत्सव 2022 के अंतर्गत एमडीपीजी कॉलेज में आज भारतीय गायन, वादन पाश्चात्य वाद्य, भाषण, वाद-विवाद तथा प्रश्न मंच की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

प्रतियोगिताएं प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो पीयूष कांत शर्मा के संयोजन में संपन्न हुईं। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि भारतीय गायन में शाइना बानो प्रथम, आनंद मिश्रा द्वितीय एवं संजू सरोज तृतीय स्थान पर रहे। पाश्चात्य वाद्य वादन में शिवांग सिंह अव्वल रहे। भाषण प्रतियोगिता में अमित पांडे प्रथम, रत्नाकर पांडे द्वितीय एवं संतोष कुमार पटेल तृतीय स्थान पर रहे। वाद-विवाद में खुशी तिवारी प्रथम, सौम्या ओझा द्वितीय एवं अमित पांडे तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्न मंच में प्रीतम कुमार सरोज प्रथम, शुभ्राकीर्ति पांडे द्वितीय एवं गार्गी कीर्ति पांडे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि हमें अच्छे प्रदर्शन के साथ ही अपने प्रदर्शन में और अधिक दक्षता व विशिष्टता प्राप्त करनी होगी जो सतत अभ्यास से प्राप्त होगा। वर्तमान में सभी क्षेत्रों में अत्यधिक प्रतियोगिता है और हमें अपनी कुशलता से प्रतियोगिताओं में अपनी श्रेष्ठता साबित करनी होगी। जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि एमडी पीजी कॉलेज में आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 एवं 13 दिसंबर को होंगी।

## एमडीपीजी कालेज में आयोजित हुआ युवोत्सव-2022



एमडीपीजी कालेज में आयोजित युवोत्सव-2022 में कला का प्रदर्शन करती छात्रा।

## बीकाम परीक्षा में छात्राओं को मिला गोल्ड व कांस्य पदक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज के बीकॉम की छात्राओं ने प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की वर्ष 2021-22 की बीकॉम की परीक्षा में गोल्ड एवं कांस्य पदक प्राप्त किया है। बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा त्रिशा चैधरी पुत्री सतीश चंद्र निर्मल ने प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल तथा प्रज्ञा सिंह पुत्री राजेश प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहकर कांस्य पदक अर्जित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र, विभागाध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे, वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ बलराज मिश्र एवं डॉ मृदुल उपाध्याय ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इन छात्राओं को मेडल आगामी 20 दिसंबर को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ट्रक की चपेट मे आने से महिला की मौत पर पुलिस ने गुरूवार की रात अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। नबाबगंज थाना के किशुनदासपुर निवासी रामप्रताप विश्वकर्मा के पुत्र सतीश कुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीन दिसंबर को उसका पिता बाइक से किशुनदासपुर से डेरवा जा रहा था।

## नागेन्द्र रघुवंशी का भाजयुमो ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजयुमो कार्यालय पर नागेंद्र रघुवंशी सदस्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड भारत सरकार का स्वागत किया गया। जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने कहा कि आज 32 वर्ष हो गए भारतीय जनता पार्टी परिवार से जुड़े हम जब पार्टी में आए तो हमारी कोई अकंशा नही थी कि कोई बडा पद मिलेगा लेकिन पार्टी का हम धन्यवाद देते है कि हमको इस लायक समझा। मुझ जैसे साधारण कार्य कर्ता पर भी मोदी की नजर पड़ी। इस अवसर पर युवामोर्चा अध्यक्ष अंशुमान सिंह, महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव, जिला मंत्री अर्पित तिवारी, आलोक शुक्ला चंचल देवानंद गोलू वरुण प्रताप सिंह रोहित सिंह पंकज गुप्ता, अंकुर सम्राट विक्रम सिंह रितेश सिंह, अवनीश सिंह उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 548 जोड़ों का विवाह संपन्न

## नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद तथा ईश्वर से दाम्पत्य जीवन को खुशहाल रखने की कामना की

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना ह्लमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाह्न के अन्तर्गत शुक्रवार को नवीन मण्डी समिति ओसा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 548 जोडे विवाह के बन्धन में बधें, जिसमें 03 जोड़े मुस्लिम समुदाय के भी सम्मिलित हैं। सांसद विनोद सोनकर जिलाधिकारी सुजीत कुमार पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नव जोड़ों को आशीर्वाद दिया एवं ईश्वर से सफल, सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की सासंद विनोद सोनकर ने आयोजित



सामूहिक विवाह का आयोजन।

समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतने लम्बे सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन में शादी का यह महाकुम्भ उन्हें कभी देखने को नहीं मिला, जिसे आज देखने का अवसर मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को इतने भव्य तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि विवाह के बन्धन में बंधने वाले जिन परिवारों के घरों में शौचालय की सुविधा नहीं है, उन सभी की जॉच कराकर, उन्हें शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी जाय। इसके साथ ही साथ ऐसे परिवार, जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है या कच्चा मकान है, उनको मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन कराकर, उन्हें आवास उपलब्ध करायी जाय।

सांसद ने कहा कि देश व प्रदेश में ऐसी सरकार है, जो बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा एंव विवाह तक चिन्ता कर अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था, जिसका परिणाम है कि लिंगानुपात में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि गरीब मॉ को अब अपनी बेटी के विवाह की चिंता करने की जरूरत नहीं है, प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह करा रही हैं। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप में पैतीस हजार रुपए कन्या के खाते में अंतरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री कपडे, विछिया, पायल, वर्तन के लिए दस हजार रुपए दिया जाता है। प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था के लिए रुपए 06 हजार खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है।

# शिक्षक संघ के शिष्ट मण्डल ने बीएसए से की मुलाकात

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** हाल ही में सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का चुनाव के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शिष्ट मण्डल शिक्षक समस्यायों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी तथा वित्त एवम लेखाधिकारी से मुलाकात की। औपचारिक मुलाकात में जूनियर शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जुलाई अगस्त सितंबर 2022 में अनुपस्थित किए गए शिक्षकों को सवेतन बहाल करने, आकस्मिक अवकाश के स्थान पर उपार्जित चिकित्सा अवकाश देने पर बात की क्योंकि आकस्मिक अवकाश पोर्टल से कम नहीं हो पाता जिसके कारण शिक्षक बहाली उपरांत भी परेशान रहते है।

वित्त एवम लेखाधिकारी से जूनियर संघ के मंत्री गुणेश तिवारी ने कहा कि शिक्षकों पर एनपीएस फॉर्म भरने के लिए अनावश्यक



बीएसए से मुलाकात करते शिक्षक संघ।

दबाव न डाला जाय क्योंकि एनपीएस एक्षिक है,न कि अनिवार्य। इस मुलाकात मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नेश यादव, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कांत कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह संघठन मंत्री संपूर्णा नन्द संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष राजकुमार, मनोज आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।बेसिक शिक्षा अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी कौशाम्बी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी।

# लफंगे की हरकत से स्कूली छात्रा परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में हाई स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा लफंगे की हरकत से परेशान हो चुकी हैं पीड़ित का कहना हैं कि जब वह स्कूल जाती हैं तो उसी गांव का एक लफगा अपनी लफंगाई से बाज नहीं आता जब भी बालिका स्कूल आती जाती हैं तो लफंगा उसे रास्ते में परेशान करता हैं उसके साथ अश्लील हरकतें भी करता हैं बालिका इस लफंगे से परेशान हो कर न्याय की उम्मीद लेकर चरवा थाना पुलिस के पास पहुंची है।

जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बिरौली गांव की एक बालिका गांव के स्कूल में हाई स्कूल कक्षा 10 की छात्रा है स्कूल आते-जाते बालिका के साथ आए दिन लफंगा छेड़खानी करता है जिससे बालिका प्रताड़ित हो चुकी है 08 दिसम्बर को सुबह बालिका घर मे जानवरों को चारा डाल रही थी उसी समय लफंगा भी आ गया और बालिका को बुरी नीयत से जानवरों के घर के अन्दर खींच ले गया जब बालिका चिल्लाई तो बालिका की आवाज सुनकर मौके पर उसकी माँ पहुंची बालिका की मां को देखकर गाली गलौज करते हुए लफंगा मौके से फरार हो गया है बालिका अपने मां के साथ चरवा थाना पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# एक दिवसीय दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा विषयक कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के निर्देश के अनुपालन में सम्राट उदयन सभागार कलेक्ट्रेट में एक दिवसीय दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा विषयक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने दिव्यांग बच्चों को बहुप्रतिभा का धनी बताया उन्होंने कहा कि बस उन बच्चों की प्रतिभा को निखारने की जरूरत है साथ



दिव्यांग कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी।

ही बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पेशल एजुकेटर द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया तथा सभी लोगों ने एक स्वर में कार्यक्रम की प्रशंसा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। डायट प्राचार्य अनिल कुमार ने दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पांडे ने कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए समस्त आगन्तुको का आभार व्यक्त किया एवं समेकित शिक्षा में होने वाली कार्यक्रमों एवं नोडल टीचर के कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी कार्यक्रम में अपर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हिंद मणि सूचना अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी दिव्यांग कल्याण अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी एसआरजी डॉ दिलीप दिलीप ने दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के बारे में सम्बोधन किया।

इस मौके पर कार्यक्रम में विनय प्रजापति वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी जवाहर लाल यादव समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं विकास पांडे प्रभारी जिला समन्वय समेकित शिक्षा एआरजी समस्त स्पेशल एजुकेटर फिजियोथैरेपिस्ट एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी समस्त एसआरजी उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन मारुति नंदन सहायक अध्यापक द्वारा किया गया।

## जी एस टी टीम के आने की सूचनस मिलने पर बंद रही दुकानें

**अखंड भारत संदेश**

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** जनपद में कई दिनों से जी एस टी की टीम ने डेरा डाल रखा है। जिसको लेकर दुकानदारों में जांच के नाम को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को टेढ़ीमोड़ में किसी ने सूचना फैला दी की जांच के लिए जी एस टी की टीम आ रही है। यह सुनते ही चौराहे के समस्त दुकानदार अपनी अपनी शटर बंद कर भाग खड़े हुए । दिन भर दुकानदारों के बीच टीम आने को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी रही और एक दूसरे से लोकेशन लेते रहे। वहीं सामान खरीदने वाले ग्राहक बाजार बंद होने के कारण परेशान रहे।

# कार लूट का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान लूट की कार के साथ चार बदमाश गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में कोखराज थाना क्षेत्र में दो बाइक सवार बदमाशो द्वारा जायलो कार लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया है,पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट करने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है,एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए जानकारी दी।

कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा पेट्रोल पंप के सामने 4 बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में गुरुवार की शाम को एक जायलो कार की लूट की थी,लूट की सूचना के बाद पुलिस फोर्स ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो बदमाशो की लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर कोखराज थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह चंदेल और इंटेलिजेंस विंग टीम ने मुठभेड़ के दौरान चारो शातिर बदमाशो को गिरफ्तार करते हुए घटना का 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया।

पुलिस ने उत्तम तिवारी ,शिव शंकर तिवारी,कपिल पांडेय और दीपराज मिश्रा को गिरफ्तार किया है,पुलिस ने इन बदमाशों के पास



लूट की कार के साथ पकड़े गए आरोपी।

से दो अवैध तमंचा,कारतूस,दो मोटरसाइकिल,4 मोबाइल के साथ लूट की जायलो कार बरामद किया है एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र में हुई कार लूट के संबंध में सीओ डॉ केजी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगाई गई थी,पुलिस टीम ने बदमाशों को दुर्गा भाभी सेतु सहजादपुर से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।इन सभी की क्राइम हिष्ट्री खंगाली जा रही है,सभी को जेल भेजा जा रहा है और आगे की विधिक कार्यवाई की जा रही है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन 12 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 सिराथू के0के0 राम ने अवगत कराया है कि दिनांक 12.12.2022 को आई0टी0आई0 सिराथू में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पी0एम0एन0ए0एम0) का आयोजन किया जायेगा, मेले में अधिक से अधिक युवा प्रतिभाग कर उसका लाभ उठायें।

# यातायात नियमों का पालन करने हेतु पुलिस विभाग में दिलाई गई शपथ

## यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारिगण को यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलायी गयी इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों व जनपद के प्रत्येक थानों एवं चौकियों पर पुलिस बल सहित आम नागरिकों को ₹सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा



यातायात की शपथ लेते पुलिस जवान।

संबंधी बातों का ध्यान रखनें यातायात नियमों का सदैव स्वयं और अपने परिजनों से पालन कराने दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट पहनने, कार चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट पहनने कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाने वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करनें, हमेशा एम्बुलेन्स और फायर बिग्रेड एवं अन्य आवश्यक आकस्मिक सेवाओं से सम्बन्धित गाडियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने, सड़क दुर्घटना में पीडितों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का शपथ दिलाया गया।



शस्त्र अभ्यास करती पुलिस।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई सभी जवानों से शास्त्राभ्यास कराया गया एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं क्वार्टर गार्ड पीआरवी वाहनों डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली।

# सड़क हादसे में महिला की मौत पति गंभीर घायल

## पत्नी को लेकर युवक बाइक से जा रहा था ससुराल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के सरसवा के पास बाइक सवार दंपत्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी है हादसे में महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई और पति की हालत गंभीर है सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है दुर्घटना के बाद ट्रक सड़क किनारे खड़ी करके चालक मौके से फरार हो गया है पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक सोनेलाल सरोज पुत्र दुर्गा प्रसाद



सरोज निवासी टेन शाह आलम बाद थाना मंझनपुर अपनी पत्नी कुसुम देवी उम्र करीब 36 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल नंबर यूपी 73 एबी 2988 से अपनी ससुराल कुम्हियावा जा रहे थे बाइक सवार दंपत्ति जैसे ही महेवाघाट थाना क्षेत्र के सरसवा ग्राम के सामने पहुँचे कि मंझनपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 70 जीटी 2663 के द्वारा बाइक सवार दम्पत्ति को पीछे से कुचल दिया है जिससे कुसुम देवी की घटनास्थल पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई है हादसे में सोनेलाल गंभीर घायल हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई हादसे के बाद घटनास्थल से ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया कुछ दूर बाद ट्रक खड़ी कर चालक गायब हो गया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को लगी रोते बिलखते परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए हैं परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पुलिस फोर्स के साथ सीओ ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** प्रतिदिन की तरह गुरुवार को क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने पुलिस टीम के साथ मंझनपुर कस्बे और आसपास में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया है क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर उपनिरीक्षक गण थाना मंझनपुर में हमराही पुलिस वालों के कस्बा मंझनपुर में पैदल गस्त करके यातायात व्यवस्था शांति व्यवस्था का जायजा लिया गश्त पर निकले क्षेत्राधिकारी ने दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट तीन सवारी एवं तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों का एमबी एक्ट में चालान कर दिया एवं सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वालों का 34 पुलिस एक्ट में चालान कर अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी गई है पैदल भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने स्थानीय आम जनता व्यापारियों से बातचीत करके सुरक्षा का एहसास कराया।

## आईसीटी का अधिकतम करे प्रयोगः डायट प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, के आदेश के क्रम में माध्यमिक एवं परिषदीय विद्यालय की शिक्षकों हेतु जनपद स्तरीय सूचना एवं संचार तकनीकी आधारित कक्षा - शिक्षण प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मंझनपुर के ऑडिटोरियम हॉल में अनिल कुमार, डायट प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में किया गया तथा डायट प्राचार्य ने प्रतिभागियों को कक्षा- शिक्षण में आई०सी०टी० के महत्व को समझाते हुए उसका अधिकतम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके साथ आई०सी०टी०से संबंधित अपने अनुभवों, प्रयोगों को साझा करते हुए उनका उत्साहवर्धन



आईसीटी की बैठक के बाद बाहर निकलते शिक्षक।

किया। इस प्रतियोगिता में माध्यमिक के 29 तथा परिषदीय (प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक विद्यालय) के 29, कुल 58 शिक्षक /शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ वंदना सिंह, डायट प्रवक्ता (मनोविज्ञान) ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। निर्णायक मंडल में डॉ० ए०के० श्रीवास्तव (वरिष्ठ प्रवक्ता), डॉ० संदीप तिवारी(प्रवक्ता) तथा विपिन कुमार (प्रवक्ता) रहे प्रतियोगिता का संचालन सुरेश चंद्र मिश्र प्रवक्ता (जीव विज्ञान)द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में, श्री ए० के० सिंह,डॉ० अरमा देवी,डॉ० देवेंद्र कुमार मिश्र, डॉ० देवेश सिंह यादव नितीश कुमार यादव धीरज कुमार यादव, डॉ० श्वेता त्रिपाठी, सुश्री शबनम सिद्धकी व श्री शबीह मुस्तफा प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** बाइक से जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद दुर्घटना करने वाला वाहन मौके से फरार हो गया है बताया जाता है कि बाद में पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को पकड़ लिया है घटना कोखराज थाना क्षेत्र की है।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर निवासी इरफान उम्र 45 वर्ष पुत्र रफीउद्दीन गुरुवार को किसी काम से बाइक से जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार महमदपुर गांव से आगे बढ़े तेज गति अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिर कर तड़पने लगे और देखते-देखते कुछ देर में घटनास्थल पर ही मौत हो गई हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कौशाम्बी में अचानक से रुकी तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन,यात्रियों में मची अफरा तफरी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** दिल्ली से प्रयागराज जा रही तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस के भरवारी स्टेशन पर अचानक रुकने से हड़कंप मच गया,ट्रेन रुकते ही यात्रियों में अफरा तफरी मच गई,ट्रेन रुकते ही यात्री कोच के दरवाजे खोलकर बाहर देखने लगे ,सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस और कर्मचारियों ने ट्रेन के बारे में जानकारी ली, टेक्निकल खराबी के चलते लगभग एक घंटे तक भरवारी मे वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी रही।ट्रेन चालक और गार्ड ने टेक्निकल खराबी दुरुस्त कर ट्रेन को रवाना किया। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन में शुक्रवार को नई दिल्ली से वाराणसी से जा रही 22436 वंदे भारत एक्सप्रेस अचानक भरवारी रेलवे स्टेशन पर रुक गई,अचानक ट्रेन रुकने से यात्रियों में हड़कंप मच गया,ट्रेन रुकते ही रेलवे कर्मचारी और रेलवे पुलिस पहुंचे और जानकारी ली,इस दौरान ट्रेन यात्रियों में अफरा तफरी मची रही।ट्रेन चालक और गार्ड ने ट्रेन को चेक किया तो इंजन में टेक्निकल खराबी मिली,जिसे ट्रेन चालक और गार्ड ने लगभग एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सही कर ट्रेन को रवाना किया।

संपादकीय

# कॉरपोरेट राजनीतिक फंडिंग

**आजादी** के बाद से कॉरपोरेट राजनीतिक फंडिंग का सबसे बड़ा स्त्रोत बने हुए हैं। जब तक एक स्वतंत्र और अधिकार प्राप्त एजेंसी के माध्यम से चुनावी बॉन्ड जारी नहीं किया जाता है, जो अंतिम मील तक दानदाताओं की गुमनामी की गारंटी देता है, तब तक राजनीतिक फंडिंग में नकद अर्थव्यवस्था पूरी तरह से समाप्त नहीं होगी। इसके अलावा, सरकार की नजर में राजनीतिक कोष का योगदान धनतंत्र की ओर ले जायेगा जहां बड़े कॉर्पोरेट सार्वजनिक नीति को प्रभावित कर सकते हैं। विपक्षी नेताओं पर सिलसिलेवार छापों को लेकर भाजपा और विपक्षी दलों के बीच चल रही खींचातान में विच-हंट (विरोधियों का शिकार करने) के गुण हो भी सकते हैं और नहीं भी। लेकिन एक असहज करने वाला तथ्य जो लोगों की आंखों के सामने आ रहा है वह यह है कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था नकदी अर्थव्यवस्था पर फलती-फूलती रही है।इसमें आजादी के बाद से भारत में अपारदर्शी राजनीतिक फंडिंग प्रणाली को अधिक दोषी ठहराया जा सकता है।इस अपारदर्शिता की घूंघट में व्यक्तिगत धन सृजित होता है। दोष रेखा इस तथ्य पर निहित है कि राजनीतिक दल एक राज्य या एक क्षेत्र या यहां तक कि एक जिले जैसे क्षेत्र को निर्धारित करके विकेंद्रीकृत मॉडल में धन जुटाने के लिए अपने नेताओं को जिम्मेदारियां देते हैं। इससे धन उगाही करने वाले नेताओं की सत्ता की जागीर बनती है जो अपने लिए भी अकूत धन कमा लेते हैं। राजनीतिक फंडिंग की यह प्रणाली दशकों से चली आ रही है और इसका प्रदर्शन किया जाता रहा है। यह भारत में सभी भ्रष्टाचारों की परम जननी है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के लिएऔर कार्यकताओं को जुटाने के लिए भी धन की आवश्यकता होती है।यह लोकतंत्र का दूसरा पहलू है जहां जन लामबंदी के लिए धन के माध्यम से जमीनी हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, अकेले आदर्शवाद परिणाम नहीं ला सकता है। राजनीतिक दलों को लगता है कि सत्ता में आने के लिए पैसा अपरिहार्य है। तो, प्रिय नेता वे हैं जो पार्टी के लिए धन जुटा सकते हैं। धन उगाहना एक महत्वपूर्ण कौशल है, जो सामूहिक नेतृत्व कौशल के समकक्ष है। इस स्थिति में नेताओं को यह भी लगता है कि उनके पास भी दलगत राजनीति के घड़ियाली तालाब में टिके रहने के लिए धनबल होना चाहिए।

# बचपन व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव

**विजय गर्ग**

**बचपन** व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। जीवन के इस पड़ाव पर आत्मसात किए गए गुण जीवन भर बरकरार रहते हैं। बचपन मनुष्य के जीवन का एक ऐसा काल है जिसमें अच्छी आदतें सीखकर और उच्च संस्कारों को ग्रहण करके वह बड़ी सफलता प्राप्त करता है और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सकता है। इसलिए बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों की यह एक बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है कि वे बच्चों को अच्छी आदतें सिखाने के साथ-साथ एक सहज और आरामदायक वातावरण भी दें।पर्यावरण भी प्रदान करें। इसे महान व्यक्तियों से लें इतिहास की महान विभूतियों के बचपन पर नजर डालें तो पता चलता है कि बचपन में जिन संस्कारों को उन्होंने आत्मसात किया, उन्हीं के कारण ही वे अच्छे कर्म कर सके और इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अपना नाम लिख सके। स्वामी विवेकानंद की माँ, जो स्वयं एक धार्मिक विचारक थीं, ने विवेकानंद जी को अच्छे गुणों और तपस्या का ज्ञान दिया जिसने उन्हें भारत में सर्वोच्च क्रम का दार्शनिक बना दिया। आइए बात करते हैं दुनिया के महान नेताओं अब्राहम लिंकन, मार्टिन लूथर और नेल्सन मंडेला कीऐसी महान विभूतियां जिन्होंने बचपन में अत्यंत कठिन परिस्थितियों से गुजरते हुए भी उच्च संस्कारों को अपनाकर जीवन में महान कार्य किए और इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अपना नाम लिखवाया। इसलिए आज के माता-पिता की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को कम उम्र में ही बुरी आदतों से दूर रखें और उन्हें अच्छे संस्कार दें। घर का वातावरण शांत और आरामदायक रखें घर के वातावरण को शांत, स्वच्छ और आरामदायक रखना भी जरूरी हो जाता है। माता-पिता को भी अपने बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए अच्छा काम करना चाहिएएक उदाहरण देना होगा। घर के बड़ों को समझना होगा कि बच्चे वो नहीं करते जो हम कहते हैं बल्कि बच्चे वही करते हैं जो घर के बड़ों को करते देखते हैं। एक और बात जिस पर गौर करने की जरूरत है वह यह है कि माता-पिता को अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से नहीं करनी चाहिए और बच्चों को दूसरे बच्चों के सामने डांटना नहीं चाहिए। योग्य होने की अपेक्षा करें यदि घर की आर्थिक स्थिति रहने योग्य है तो इसकी जानकारी बच्चों को देनी चाहिए ताकि वे ऐसे सपने न देखें जो पूरे न हो सकें। हमारे भारतीय समाज की त्रासदीसच तो यह है कि सभी बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों से पेपर में अच्छे नंबरों की उम्मीद रखते हैं, जबकि हकीकत यह है कि कुछ बच्चे पढ़ाई में अच्छे होते हैं तो कुछ बच्चे किसी और क्षेत्र में अच्छे अंक लाते हैं। इसलिए बच्चों से उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार अपेक्षा की जानी चाहिए। रचनात्मक और खुशनुमा माहौल मिला बच्चों की परवरिश में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों को एक स्वस्थ पारिवारिक वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उनके बच्चे के पास एक स्वच्छ सामाजिक वातावरण हो।के बीच में किसी भी व्यक्ति का व्यवहार बचपन में सीखी गई आदतों से निर्धारित होता है।

# लोकतंत्र को मजबूती देने वाले नतीजें

**ललित गर्ग**

**भारत** के दो राज्यों गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश और एक नगर निगम दिल्ली के चुनावों में इन क्षेत्रों के मतदाताओं ने जो जनादेश दिया है उससे एक बार फिर सिद्ध हो गया है कि भारत में लोकतंत्र कायम है और इसकी जीवंतता के लिये मतदाता जागरूक है। मतदाता को ठगना या लुभाना अब नुकसान का सौदा है। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी ने कीर्तिमान गढे, तो हिमाचल में कांग्रेस ने नया जीवन पाया, दिल्ली में आम आदमी पार्टी को खुश होने का मौका मिला। इन चुनावी नतीजों ने जाहिर कर दिया कि आज के मतदाता किसी भी पार्टी के दबाव में नहीं है। ये नतीजे जहां लोकतंत्र की सुद्दढ़ता को दर्शा रहे हैं, वही देश की राजनीति का नई राहों की ओर अग्रसर होने के संकेत दे रहे हैं। इन चुनाव नतीजों से यह तय हो गया कि भारत विविधता में एकता एवं विभिन्न फूलों का एक ह्यखूबसूरत गुलदस्ताह्ल है। इन जनादेशों का चारों तरफ स्वागत हो रहा है। ऐसे जनादेश का केवल राजनीतिक क्षेत्र में ही महत्त्व नहीं है, इसका सामाजिक क्षेत्र में भी महत्त्व है। जहाँ राजनीति में मतों की गणना को जनादेश कहते हैं, वहां अन्य क्षेत्रों में जनता की इच्छाओं और अपेक्षाओं को समझना पड़ता है। जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझना और आचरण करना सही कदम होता है और सफलता सही कदम के साथ चलती है। भारत के लोगों ने इस देश की बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था के औचित्य को न केवल स्थापित किया है बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि मतदाता ही लोकतन्त्र का असली मालिक होता है। एक दिन का राजा ही हमेशा वाले राजा से बड़ा होता है।

कहने को भले ये दो राज्यों के विधानसभा एवं दिल्ली के नगर निगम के चुनाव थे, लेकिन ये चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण एवं उत्साह वाले इसलिये बने कि इन्हीं चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा था। उस लिहाज से निस्संदेह गुजरात में बीजेपी को मिली ऐतिहासिक जीत बहुत बड़ी है और बहुत कुछ बयां कर रही है। पिछले यानी 2017 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को कांग्रेस ने कड़ी टक्कर दी थी। तब 268 विधायकों वाली विधानसभा में उसे 99 सीटें आई थीं, जो सरकार गठन के लिए आवश्यक संख्या 95 से मात्र चार ज्यादा थीं। स्वाभाविक रूप से माना जा रहा था कि अगर कांग्रेस थोड़ा और जोर लगा दे या बीजेपी थोड़ी सी लापरवाही दिखा दे तो चुनाव में उलटफेर हो सकता है। लेकिन न तो कांग्रेस ज्यादा जोर लगा पाई और न ही बीजेपी ने कोई चूक दिखाई। उसने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ डाले, माधवसिंह सोलंकी के समय कांग्रेस के 149 सीटों से जीत के रिकार्ड को भी उसने तोड़ डाला। यह एक पहेली ही है कि कांग्रेस ने पूरे दम-खम से गुजरात चुनाव क्यों नहीं लड़ा और उसके सबसे प्रभावी नेता राहुल गांधी ने वहां केवल दो रैलियां ही संबोधित क्यों कीं? गुजरात चुनाव से ज्यादा भारत जोड़ो यात्रा को प्राथमिकता देना कोई राजनीतिक परिपक्वता की निशानी नहीं है।







निश्चित ही भाजपा ने इस राज्य में नया इतिहास रच डाला और 54 प्रतिशत वोट प्राप्त करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। एक बार फिर यह साबित हुआ कि इस प्रांत में नरेन्द्र मोदी का वर्चस्व कायम है। तमाम आलोचनाओं के बावजूद इन नतीजों ने साबित किया कि मोदी आज भी राज्य के सबसे लोकप्रिय और बड़े नेता है। यहां की जनता विकास पर वोट डालती है न कि मुफ्त की सुविधाओं के झांसे में आती है। भाजपा की जीत का अर्थ निश्चित ही सुशासन भी है और इससे राज्य के लोगों के कल्याण व विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। इसी की अपेक्षा के लिये जनता ने एकतरफा वोट डाले। सभी राजनैतिक दलों को सोचना होगा कि केवल चुनावी समय में जनता को लुभाने के लिए मुफ्त की सौगातें देने का लोकतन्त्र पर क्या असर पड़ सकता है। विशेषतः आप जैसी पार्टी को मुफ्त की खैरात बांटने की अलोकतांत्रिक सोच से उबरना चाहिए। गुजरात के मतदाताओं ने राज्य में पिछले 27 वर्षों से चल रही हुकूमत को ही पुनः अवसर देने का फैसला करके यह भी संकेत दिया है कि काम करने वाले दलों को मतदाता सिर माथे बिठाती ही है। भारतीय राजनीति के इतिहास को देखें, तो किसी पार्टी को किसी राज्य में इतने मौके मिलना या इतने लम्बे समय तक राज करने देना बहुत खास है। वामपंथी पार्टियां बंगाल में लगातार 34 वर्षों तक सरकार चलायी है, इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिये भाजपा अगली बार भी निश्चित ही जीत हासिल करके नया चमत्कार घटित करेंगी। बंगाल एवं उडीसा की ही भांति गुजरात ने राजनीति को एक नई दिशा दी है और वह है कि राजनीतिक चालें शुद्ध विकास एवं स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर ही लम्बा जीवन पा सकती है। लोकतन्त्र की खासियत इसी बात में है कि मतदाता हर पांच वर्ष बाद अपनी विकास की बात करने वाले एवं स्वस्थ मूल्यों के धारकों को उनकी काबिलियत के मुताबिक चुनता है। गुजरात में मतदाताओं को लगा कि भाजपा का शासन उनके लिए ठीक है अतः उसने इस बात की परवाह किये बिना पुनः इस पार्टी को चुना कि वह पिछले सात चुनावों से लगातार जीतती आ रही है जबकि हिमाचल में उसने भाजपा के शासन को नाकारा समझा अतः उसे बदल डाला। जहां तक गुजरात का प्रश्न है तो इस राज्य से ही प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी व गृहमन्त्री श्री अमित शाह आते हैं। इन दोनों ही नेताओं ने गुजरात में जमकर प्रचार किया था, चुनाव से पूर्व अनेक बहुआयामी योजनाओं की शुरूआत की। मतदाताओं ने विशेषरूप से प्रधानमन्त्री के वादों और कथनों पर यकीन करने के साथ ही उसे गुजरात का गौरव माना और भाजपा को हटाना उचित नहीं समझा। गुजरात में जिस प्रकार दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने अपने बूते पर मतदाताओं के बीच सेंध लगाने की कोशिश की उसका असर भी हुआ और इसने

> लोकतन्त्र की खासियत इसी बात में है कि मतदाता हर पांच वर्ष बाद अपनी विकास की बात करने वाले एवं स्वस्थ मूल्यों के धारकों को उनकी काबिलियत के मुताबिक चुनता है। गुजरात में मतदाताओं को लगा कि भाजपा का शासन उनके लिए ठीक है अतः उसने इस बात की परवाह किये बिना पुनः इस पार्टी को चुना कि वह पिछले सात चुनावों से लगातार जीतती आ रही है

मुख्य रूप से कांग्रेस के वोट बैंक को छिन्न-भिन्न करते हुए उसमें हिस्सेदारी की जिसकी वजह से राज्य में यह पार्टी धराशायी हो गयी और बामुश्किल 182 सदस्यीय विधानसभा में 20 के नीचे का आंकड़ा ही छूने में कामयाब हो सकी। आप ने भी जितने बड़े बोल बोले एवं बड़ी बातें की उसकी तुलना में उसे सफलता नहीं मिली। गुजरात एवं हिमाचल ने आप की सत्ता लालसा पर लगाम लगा दी है। राजनीतिक दलों के लिये ये नतीजे खुशी देने के साथ-साथ खतरे की घंटी भी है। एक चुनौती भी है कि मतदाताओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए, न अपनी जागीर समझना चाहिए। आज का मतदाता जागरूक है और परिपक्व भी है।

अवसर आने पर किंग मेकर की भूमिका निभाने वाली जनता उसकी भावनाओं एव अपेक्षाओं से खिलवाड़ करने वालों को जमीन भी दिखा देती है। भले ही चुनाव परिणामों के बाद मतदाता का रोल समाप्त गया है। अब ये दिन चुनी हुए दलों एवं प्रतिनिधियों के हैं। इसी दिन के लिए तो वे खडे. हुए हैं, चुनावों में लम्बे-लम्बे वायदें किये अब उन वायदों को पूरा करना है। कांग्रेस मुक्त भारत की ओर अग्रसर पार्टी को हिमाचल की जीत संजीवनी देने वाली है, यह जीत कांग्रेस के लिए लिए एक बड़ी राहत भी देने वाली इसलिये है कि बीते चार वर्ष में वह पहली बार विधानसभा का कोई चुनाव जीत सकी है। भले ही भारत जोड़ो यात्रा के जरिए राहुल गांधी लंबी लड़ाई लड़ने की तैयारी दिखा रहे हों, इससे चुनावी लड़ाई के मोर्चे पर पार्टी की गैरहाजिरी की भरपाई नहीं होती। बल्कि गुजरात की करारी हार राष्ट्रीय स्तर पर उसके उत्थान को लेकर प्रश्नचिह्न लगाती रहेगी। हिमाचल में मतदाताओं ने कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देकर सिद्ध किया है कि केवल आक्रामक प्रचार के माध्यम से मतदाताओं को नहीं लुभाया जा सकता। इस राज्य के अधिसंख्य लोग सेना, मैदानी क्षेत्रों में नौकरियों व सेब की फसल में लगे हुए हैं। इन तीनों ही क्षेत्रों में राज्य की पिछली जयराम ठाकुर सरकार ने जो काम किये उससे लोग सन्तुष्ट नहीं थे और उनमें भारी असन्तोष था। इसका कारण सेना में भर्ती के नियमों में बदलाव किया जाना भी माना जा रहा है और सरकारी कर्मचारियों की पेंशन योजना को बदल दिये जाने से भी जोड़ा जा रहा है। भाजपा की हार का कारण हमीरपुर क्षेत्र भी बना। जनाकांक्षाओं को किनारे किया जाता रहा और विस्मय है इस बात को लेकर कोई चिंतित भी नजर नहीं आ रहा था। लेकिन पहाड़ों पर जिस तरह महंगाई की मार से यहां के निवासियों का जीवन त्रस्त हुआ उसका असर भी इन चुनाव परिणामों पर देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थितियां का असर तो आना ही था। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में तीसरे खिलाड़ी के तौर पर आप भी मैदान में थी और अपनी जीत के बड़े-बड़े दावे कर रही थी, लेकिन वैसा कुछ नहीं होना था, जैसा उसकी ओर से कहा जा रहा था। आप को गुजरात में पैर जमाने के साथ राष्ट्रीय दल के रूप में उभरने का अवसर अवश्य मिला, लेकिन उसे समझना होगा कि रेवड़िया बांटने की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और बिना विचारधारा बहुत दूर तक नहीं जाया जा सकता। दिल्ली में नगर निगम की चाबी आप को देकर मतदाता ने नया प्रयोग किया।

यहां के मतदाताओं ने आप को बहुमत केवल इसलिए दिया है जिससे दिल्ली सरकार व निगम के बीच की खींचतान व चख-चख समाप्त हो सके। इससे भारत के मतदाता की जागरूकता एवं विवेक का अन्दाजा लगाया जा सकता है।

# भूजल संरक्षण वर्तमान एवं भविष्य की महती

**प्रियंका सौरभ**

**भारत** भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है और 87% का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है। हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय ने वर्ष 2022 के लिए पूरे देश के लिए "गतिशील भूजल संसाधन आकलन रिपोर्ट" जारी की। मूल्यांकन केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। पृथ्वी पर पाये जाने वाले प्रत्येक जीव का जीवन जल पर ही निर्भर होता है। अतः इसकी उपलब्धता नितान्त आवश्यक है। पानी को हम प्रकृति का मुफ्त या निशुल्क उपहार समझते हैं, जब वस्तुस्थिति यह है कि पानी प्रकृति का मुफ्त नहीं वरन् बहुमूल्य उपहार है। अतः यदि हमने जल का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग एवं संरक्षण नहीं किया तो हमारे अस्तित्व को ही खतरा उत्पन्न हो जाएगा। प्रकृति ने हमें सभी वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई है। परन्तु व्यक्ति की जल के प्रति स्वार्थ की प्रवृत्ति एवं लापरवाही, इस उपहार को युद्ध का कारण बना रही है। आज चिन्ता का विषय है कि साधन सम्पन्न लोग दैनिक जीवन में जल के बेतहाशा दोहन के साथ-साथ जल को मनोरंजन के रूप में दुरूपयोग कर रहे हैं। हमें यह जान लेना चाहिए कि यह एक सीमित संसाधन है एवं समूचे जीव जगत



की सम्पदा है। वस्तुतः जल पर प्रत्येक जीव (पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, गरीब एवं अमीर) का अधिकार है। आज शहरी वातावरण एवं साधन संपन्न क्षेत्र में रहते हुए हम पानी की कमी का वास्तविक आंकलन नहीं कर पा रहे हैं। 2022 के आकलन से पता चलता है कि भूजल निष्कर्षण (16 बीसीएम) 2004 के बाद से सबसे कम है। भूजल निष्कर्षण में कमी बेहतर जल प्रबंधन का संकेत दे सकती है। 2017 के आकलन डेटा की तुलना में देश में 909 मूल्यांकन इकाइयों में भूजल की स्थिति में सुधार। पूरे देश के लिए कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 437.60 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव राज्यों में भूजल निकासी बहुत अधिक है जहां यह 100% से अधिक है। दिल्ली, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और केंद्र शासित प्रदेशों चंडीगढ़, लक्षद्वीप और पुडुचेरी में भूजल निकासी 60-100% के बीच है। बाकी राज्यों में भूजल निष्कर्षण 60% से नीचे है। भूजल के उपयोग को नियंत्रित करने वाला कोई केंद्रीय कानून नहीं है और इसके निष्कर्षण को विनियमित करने के लिए विभिन्न राज्यों के अपने कानून हैं जो एक लापरवाह तरीके से लागू किए जाते हैं। राष्ट्रीय जल नीति के एक मसौदे में पानी की खपत वाली फसलों से उपयोग में बदलाव और औद्योगिक उद्देश्यों के लिए मीठे पानी पर पुनर्नवीनीकरण को प्राथमिकता देने की सिफारिश की गई है। उन क्षेत्रों में जल तालिका में सुधार करने के लिए जहां इसका अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, खेत में जल प्रबंधन तकनीकों और बेहतर सिंचाई विधियों को अपनाया जाना चाहिए। उदा. भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण के तरीके। जल संसाधनों की कमी को कम करने के लिए जल संरक्षण के पारंपरिक तरीकों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए घर से निकलने वाला पानी सिंचाई का एक उत्कृष्ट स्त्रोत है। कृषि बिजली-मूल्य निर्धारण संरचना को नया रूप देने की आवश्यकता है क्योंकि बिजली की समान दर भूजल के उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भूजल संसाधनों के अत्यधिक दोहन की निगरानी के लिए एक नीति होनी चाहिए। उदा. अति प्रयोग की निगरानी के लिए पानी के मीटर लगाए जा सकते हैं। भूजल की कमी दिन-ब-दिन एक खतरनाक समस्या बनती जा रही है। अटल भुजल योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठाना, जो संस्थागत ढांचे को मजबूत करने और स्थायी भूजल संसाधन प्रबंधन के लिए सामुदायिक स्तर पर व्यवहारिक परिवर्तन लाने का प्रयास करती है, महत्वपूर्ण है जल स्तर प्रतिवर्ष एक फीट की गति से नीचे जा रहा है आज विकट स्थिति बन चुकी है कि निरंतर पृथ्वी माता की गोद से भूजल रूपी अमृत निकालते रहने के कारण देश के अधिकांश हिस्से ब्लॉक डार्क जोन में आ चुके हैं और यह संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है इस स्थिति से देश का कोई भी हिस्सा बच नहीं पाया है। कई शहरों में टैंकर की पानी की आपूर्ति के एकमात्र साधन बन चुके हैं। देहाती क्षेत्रों में तो स्थिति बड़ी विकट है, वहाँ अधिकांश महिलाएँ घर की जल व्यवस्था में अपना बहुत समय एवं श्रम लगाती हैं। जल के अंधाधुध दोहन से जमीन के नीचे के भंडार तो खाली हो ही रहे हैं, नदियाँ भी वर्षा के कुछ माह बाद ही सूख जाती है तथा कई समाप्त होने के कगार पर हैं। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फण्ड के प्रतिवेदन के अनुसार नदियों में जल की कमी होने का कारण जलवायु परिवर्तन और पानी का अत्यधिक दोहन है।

# न्यायपालिका से टकराती सरकार को खड़गे की सलाह

**वर्षा भम्भाणी मिजा**

**उपराष्ट्रपति** ने एक तरह से सरकार के तेवर जाहिर कर दिए हैं और जो देश समझ पाया है वह यह कि इन दो महत्वपूर्ण पायों के बीच सामंजस्य की कमी है और वे टकराव की हालत में हैं। इससे पहले खड़गे ने साफ कहा कि कानून सही से बनें, वरना अदालतें फिर इसमें टीका टिप्पणी करती हैं। पहले साल में सौ से ज्यादा दिन सदन की बैठकें चलती थीं, अब 60 से 70 दिन भी नहीं चलतीं। बैठकें ज्यादा होंगी तो अच्छे नतीजे निकलेंगे। यह पहला अवसर था जब राज्यसभा में नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे आमने-सामने थे। सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी थे। आमने-सामने तो गुजरात चुनावों के प्रचार में प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष के बयान भी रहे। प्रचार के दौरान खड़गे ने नरेंद्र मोदी से कहा था कि नगर निगम के लोकसभा चुनाव में आपकी सूरत है, विधानसभा चुनाव में आपकी सूरत है, नगर निगम चुनावों में भी आपकी सूरत है, कितनी सूरत देखेंगे आपकी? क्या आपके रावण के जैसे सौ सर हैं। लोकतंत्र की यही खूबी है कि तमाम प्रचार और प्रहार के बावजूद सभी नेताओं को आपस में एक जगह मिलना होता है और वे जगहें हैं संसद के दोनों सदन। अच्छा यह भी है कि यहां के लिए आभासीय संपर्क का बुरा सुझाव अभी तक नहीं आया है। बहरहाल प्रधानमंत्री शीतकालीन सत्र में खड़गे को सुन रहे थे। धरतीपुत्र जगदीप धनकड़ के स्वागत भाषण में खड़गे ने गालिब का एक शेर तो पढ़ा ही, संसदीय व्यवस्था और लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांत की व्याख्या भी कर डाली। शीतकालीन सत्र का पहला दिन इस बात का भी आभास दे गया कि लोकतंत्र के चार पायों के बीच आपसी तालमेल का अभाव है, खटास है। खासकर न्यायपालिका और विधायिका आमने-सामने हैं। ऐसा नहीं होता तो उपसभापति 2015 के उस संशोधन की याद नहीं दिलाते जिसे पांच जजों की खंडपीठ ने चार एक से निरस्त कर दिया था। कानून मंत्री किरण रिजिजू भी पिछले दिनों जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को संविधान के लिए 'एलियन' या विदेशी बता चुके हैं। लक्ष्मण रेखा लांघने का आरोप सभी एक-दूसरे पर लगा रहे हैं और इनके बीच आम आदमी भी देख समझ रहा है कि नोटबंदी और चुनाव आयोग के मसले पर जवाबदेही के लिए सरकार फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में तलब है। शीतकालीन सत्र में सभापति जगदीप धनकड़ ने राज्यसभा में अपने पहले भाषण के दौरान न्यायपालिका पर सीधा निशाना साधा। लगभग चेतावनी देने वाले अंदाज में उन्होंने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) विधेयक को रद्द करने के लिए न्यायपालिका को लक्ष्मण रेखा की याद दिलाई। उन्होंने इस कदम को संसदीय संप्रभुता के अनुरूप नहीं बताया। दरअसल एनजेएसी बिल के लिए 99वां संवैधानिक संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था, जिसे 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। वहीं इस बिल के खारिज होने को लेकर राज्यसभा के सभापति ने कहा कि 'यह उस जनादेश का अपमान है, जिसके संरक्षक उच्च सदन (राज्यसभा) और लोकसभा हैं।' उन्होंने कहा कि एक संस्था द्वारा दूसरे के क्षेत्र में किसी भी तरह की घुसपैठ शासन को असहज करने जैसी होती है। धनखड़ की यह टिप्पणी न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच बने हालिया गतिरोध की पृष्ठभूमि में भी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में बार-बार हस्तक्षेप जैसी कड़वी सच्चाई का सामना कर रहे हैं। यह सदन शासन के इन अंगों के बीच अनुकूलता लाने के लिए सकारात्मक कदम उठाने की स्थिति में है। मुझे यकीन है कि आप सभी आगे के रुख पर विचार करेंगे और इसमें शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति ने एक तरह से सरकार के तेवर जाहिर कर दिए हैं और जो देश समझ पाया है वह यह कि इन दो महत्वपूर्ण पायों के बीच सामंजस्य की कमी है और वे टकराव की हालत में हैं।

## ज़िंदगी का धुआँ उड़ाते हुए

**डॉ. सुरेश कुमार**

"**क्या** मिलेगा तुम्हें इन पार्टियों के पीछे-पीछे नारे लगाने से"?- पूछा मैंने सिगरेट का कश खींच रहे एक पैंतीस वर्षीय युवक से जो लड़ने-लड़वाने वाले नारों में अपना सिर खपा रहा था। नौकरी पर जाने वाली अवस्था में वह घर पर बोझ बना बैठा था। माथा कम सिलवटें ज्यादा थीं। कुल मिलाकर जिंदगी के नाम पर मरने का अभ्यास कर रहा था। जिस उम्र में हमारे युवकों को नौकरी, धंधा, शादी, बाल-बच्चे, खुद का अपना घर, मनोरंजन भरी दुनिया में रहना चाहिए। वह युवा से प्रौढावस्था की ढलान पर आँखों में सपनों को मारकर नारों का अभ्यास कर रहा था। मेरी बात सुनकर वह रुका, सिगरेट को मुँह से अलग किया फिर मुझे देखा। सच कहता हूँ कि कुछ कहने से पहले उसकी आँखें मुझे मारने के लिए काफी थीं। मानो आँखों ने अनुभव के विश्वविद्यालय में निराशा की सबसे ऊँची डिग्री प्राप्त की है। लगा उसके मुँह को मानो खाने के लिए केवल वादे मिलते हैं। कुल मिलाकर चेहरा कागज पर विकास करते देश की हकीकत को बयान कर रहा था। मैंने कोशिश की - "रोजगार, घर-बार, बीवी-बच्चे?' वह हँसा। फिर से सिगरेट को मुँह से लगा लिया। एक लंबी कश खींचते हुए मुझ पर धुआँ छोड़ते हुए कहा झ अंकल! किस दुनिया से आए हो? सरकारी योजना, उद्योग, भोजन, दवा, शिक्षा यह सब मेनिफेस्टो में सुहाते हैं। बदन की देखभाल करने से पहले मेरे पेट ने खुद को सिकुड़ लिया है। क्या यह काफी नहीं है जो नौकरी, घर-बार, बीवी-बच्चे के सपने देखने की हिम्मत करें?

## फटाफट खबरें

### जिले में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लाक हास्पिटल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने संयुक्त जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत बनाये जा रहे क्रिटिकल केयर ब्लाक हास्पिटल के लिए भूमि का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने क्रिटिकल केयर ब्लाक हास्पिटल के लिए भूमि का निरीक्षण कर कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले के जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में बना रही है। जिले में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक हास्पिटल बनाया जायेगा।

उन्होंने एसडीएम कर्वी राजबहादुर को निर्देश दिये कि क्रिटिकल केयर ब्लाक हास्पिटल के लिए जमीन का सर्वे कराकर जल्द बतायें। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी व सीएमएस डॉ सुधीर कुमार शर्मा मौजूद रहे।

### मासशि कल्याण समिति के अध्यक्ष बने संजय शुक्ला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के चुनाव श्री जयदेव वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश तिवारी के पर्यवेक्षण तथा डॉ सुखनन्दन मिश्र की मौजूदगी में हुई।

शुक्रवार को श्री जयदेव वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय में माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के चुनाव में सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष संजय शुक्ला को घोषित किया। उपाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, उमाशंकर त्रिपाठी, डॉ जगतनारायण द्विवेदी, महामंत्री लक्ष्मीकान्त पाण्डेय, अजय कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र चतुर्वेदी, सर्वेश कुमार गुप्ता, भानु प्रताप गर्ग, ललित कुमार पाण्डेय, योगेश कुमार शुक्ल, दिवाकर गर्ग बनाये गये। संरक्षक मंडल में डॉ रामसुजान त्रिपाठी, डॉ रेणुका कुमार शुक्ल, डॉ कौशल किशोर शुक्ल, डॉ मनोज कुमार द्विवेदी व राजीव लोचन पाण्डेय शामिल किये गये। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा कि वह शिक्षकों के हित के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे।

### चित्रकूट हाइवे पर लूटी गई कार बरामद, चार गिरफ्तार

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चित्रकूट हाइवे पर लूटी गई जायलो कार शुक्रवार को बरामद कर ली गई है। पुलिस ने लूट कांड में चार बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने का दावा किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो तमंचा, 4 कारतूस, 2 मोटरसाइकिल, 4 मोबाइल फोन व जायलो कार बरामद की है। गिरफ्त में आये बदमाशों को पुलिस ने शहजादपुर गंगा पुल के नजदीक से पकड़ा है। वारदात बृहस्पतिवार की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे बदमाशों ने घर जा रहे कार सवार से लूट लिया था। कोखराज पुलिस ने बिसरा पेट्रोल पंप के समीप जायलो लूट कांड का खुलासा कर चार बदमाश गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाश उत्तम तिवारी पुत्र राम मनोहर, शिव शंकर तिवारी पुत्र सुनील तिवारी निवासी कादीपुर एवं कपिल पांडेय पुत्र राम मूरत पांडेय, दीप राज मिश्रा पुत्र नाथूराम मिश्रा निवासी छोगारिया का पूरा थाना मंझनपुर के बताये जा रहे है। बदमाशों ने बृहस्पतिवार की दोपहर साढ़े 3 बजे रामपुर सुहेला गांव के रहने वाले राजकरण की जायलो कार बिसारा पेट्रोल पंप के पास फिल्मी स्टाइल में लूट ली। बदमाशों ने कार ड्राइवर प्रदीप कुमार के साथ मारपीट की। वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसकी मदद से पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी में सफलता हासिल कर ली।

पकड़े गए बदमाश उत्तम तिवारी एवं कपिल पांडेय पर पुलिस रिकार्ड में मारपीट के दो मामले मंझनपुर थाने में दर्ज बताये जा रहे है। एसपी ब्रिजेश श्रीवास्तव ने बताया, चित्रकूट हाइवे पर जायलो कार की लूट मामले के खुलासे के लिए 3 पुलिस टीम का गठन किया गया था।

## पुलिस लाइन उन्नाव में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात के तहत, यातायात शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** एक सम्मानित हिंदी अखबार के तत्वाधान में सफीपुर स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज व पुलिस लाइन उन्नाव में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात के संदर्भ में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सफीपुर एमजी इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी श्रीमती माया राय, सफीपुर कोतवाली से एस आई सुशील कुमार यादव, विकास खंड कार्यालय से एडीओ पंचायत छोटेलाल, प्रधानाचार्य शरीफ खान ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात के संदर्भ में छात्र छात्राओं को जागरूक कर शपथ



ग्रहण करवाया। वहीं उन्नाव पुलिस लाइन में आयोजित किए गए सड़क सुरक्षा एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता, श्रीमती अपूर्वा दुबे जिलाधिकारी, सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक, शशि शेखर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक एवं



आशुतोष कुमार क्षेत्राधिकारी नगर यातायात द्वारा अटल बिहारी इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, जीआईसी, डा. जी नाथ जी इंटर कॉलेज, एसवीएम इंटर कॉलेज एवं कल्याणी पब्लिक स्कूल के बच्चों व उपस्थित पुलिसकर्मियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के संदर्भ में शपथ दिलायी गयी तथा सड़का सुरक्षा के महत्त्व को भी बताया गया। दुर्घटनाओं के दौरान दो महिलाओं की जान बचाने, शुभम सोनी एवं शिवम सोनकर को सड़क दुर्घटना के दौरान 19 लोगों की जान बचाने, महिला आरक्षी नेहा चौधरी को बेजुबान पशुओं को रेडियम के पट्टे पहनाने एवं डा. आशीष श्रीवास्तव को यातायात माह के सफल समन्वयन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया गया। इस अवसर पर राजकुमार मिश्र प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन, तथा सम्मानित सवार के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** आगामी नगर निकाय सामान्य चुनाव 2022 को स्वतंत्र, सकुशल, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी समस्त प्रभारी अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की गई।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा मतदान मतगणना हेतु कार्मिकों की नियुक्ति, पोलिंग पार्टी की रवानगी, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, लेखन सामग्री मत पेटी एवं मत पत्र व्यवस्था, पोलिंग पार्टियों हेतु वाहन व्यवस्था, डाक मत पत्र व्यवस्था, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी, डिजिटल कैमारा, वेब कास्टिंग व्यवस्था, टेंट, फर्नीचर, बैरीकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था, मीडिया सेल एवं संचार आदि व्यवस्थाओं से संबंधित प्रभारी अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गयी। तथा यह भी बताया कि जनपद में 03 नगर पालिका परिषद उन्नाव, गंगाघाट एवं बांगरमऊ तथा 16 नगर पंचायतों



अचलगंज, फतेहपुर-84, गंज मुरादाबाद, कुरसठ, उगू, सफीपुर, मोहान, हैदराबाद, रसूलाबाद, न्यौतनी, औरास, नवाबगंज, बीघापुर, भगवन्तनगर, मौरावां एवं पुरवा में निर्वाचन कराया जाना है। सभी 19 नगरीय निकायों में मतदान कराने हेतु कुल 184 मतदान केन्द्र तथा 532 मतदान स्थल बनाए गए है। मतदान को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए 23 जोनल तथा 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। मतदाता सूची के अनुसार सभी निकायों के 266 वार्डो में 245014 (पुरूष) एवं 216077 (महिला) कुल 461093 पंजीकृत मतदाता हैं।इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डी एम अपूर्व दुबे द्वारा समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कि सभी लोग दिए गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। कोई भी समस्या होने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से सहयोग लेकर निर्वाचन कार्य को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्व ढंग से सम्पन्न कराएं। जनपद के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार आपस में समन्वय बनाकर निरन्तर बूथों का निरीक्षण करते रहें। किसी भी बूथ पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव नहीं रहना चाहिए। जिला अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि नगरीय निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि चुनाव के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। यदि कोई व्यक्ति मतदाताओं को प्रलोभन देकर या डरा धमकाकर किसी पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करता हुआ पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।बैठक में सीडीओ ऋषि राज प्रभारी मतदान एवं मतगणना कार्मिक, एएसपी शशि शेखर सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट, प्रभारी जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वायड नियुक्ति एवं प्रशिक्षण विजेता, सीएमओ प्रभारी मेडीकल डा. सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पाण्डेय, प्रभारी लेखन सामग्री कुलदीप मिश्रा, प्रभारी वेब कास्टिंग राजेश कुमार झा, प्रभारी मीडिया सतीश कुमार आदि प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी, रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर आदि मौजूद रहे।

## वायदा खिलाफ के खिलाफ भाकियू सौंपेगी ज्ञापन

### किसान पंचायत कर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लाक पहाड़ी, रामनगर, मऊ एवं सदर तहसील कर्वी में किसान पंचायत की। ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान पाल, युवा बिंग जिलाध्यक्ष तीरथ प्रसाद फौजी, जिला कोषाध्यक्ष नरेश तिवारी ने बीडीओ मऊ को सौंपे ज्ञापन में बताया कि किसानों को पलेवा के लिए समय से बिजली नही दी जा रही है। लो-वोल्टेज की भारी समस्या से नलकूप नही चल पा रहे।

शुक्रवार को तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने खाद की किल्लत पर कहा कि वितरण प्रणाली सही न होने से किसानों को खाद नही मिल पा रही। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने पहाड़ी ब्लॉक में किसानो से कहा कि अन्ना जानवरों को संरक्षित नही किया जा रहा। प्रति गौशाला में 10 से 15 जानवरों को छोड़ दिया जाता है। लापरवाही से किसानों की फसल नष्ट हो रही है। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि दस दिसंबर को केंद्रीय नेतृत्व पर सरकार की वायदा खिलाफी-गारंटी कानून बनाने को लेकर भाकियू जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपेगी।

## पैमाइश के आवेदनों को जल्द निस्तारित करें एडीएमः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर-करेत्तर राजस्व एवं चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक में एआईजी स्टाम्प को निर्देश दिये कि स्टाम्प एवं पंजीयन में अगले माह में कितनी जमीन की रजिस्ट्री हुई है। माह का विवरण पेश करें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर राजस्व एवं चकबन्दी कार्यों की कलेक्टेज्ट सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि बडे बकायेदारों की वसूली की जाये। परिवहन, आबकारी, विद्युत, नगर निकाय, वन, लोक निर्माण विभाग, बांट-माप, मंडी, खनिज, चकबन्दी, राजस्व वाद, विविध देय, बैंक देय, आरसी वसूली, वरासत आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। मंडी समिति के सचिव को निर्देश दिये कि मंडी परिषद कर्वी व मऊ में नीलाम को शेष दुकानों की नीलामी करायें। तहसीलदार कर्वी से सम्पर्क कर मंडी में अवैध



कब्जेधारकों के खिलाफ कार्यवाही करें। अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि होटल, लाज व शोरुम पर टैक्स लगायें। कामर्सियल भवन में लगाये टैक्स का परीक्षण करें। नगर पालिका व नगर पंचायतों की आय बढाने को लाइसेंस शुल्क व विज्ञापन शुल्क लगाकर राजस्व बढायें। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह को निर्देश दिये कि सभी आरसी आनलाइन करायें। वसूली में प्रगति करें। सभी तहसीलदारों से कहा कि परिवहन, खनिज, विद्युत में जो आरसी लम्बित है, उसकी वसूली करायें।

उन्होंने एडीएम कुंवर बहादुर सिंह से कहा कि वाणिज्य कर विभाग से लिखित लिया जाये। सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वसूली अभियान चलाकर बडे बकायेदारों से वसूली करें। गांव सभा की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे तत्काल हटायें।

पांच से दस वर्ष के लम्बित मुकदमों का निस्तारण तत्काल करायें। भूमि पैमाइश के लम्बित मामलों को अभियान चलाकर निस्तारण करायें। एडीएम से कहा कि पैमाइश के लम्बित आवेदनों की पैमाइश कराकर पत्थरगढी करायें। पत्थरगढी के फोटोग्राफ भी कराये जायें। आय, जाति, निवास के आवेदन समय से निपटायें। खेल मैदान की जमीन को तत्काल खतौनी में दर्जकर सूची उन्हें व सीडीओ को दें। बन्दोबस्त चकबन्दी अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन गांवों में चकबन्दी चल रही है, सही ढंग से आवंटन करायें। शासकीय जमीन सडक या गांव के पास छोडें। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, अपर उपजिलाधिकारी रामजन्म यादव, एसडीएम कर्वी राजबहादुर, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, बन्दोबस्त अधिकारी एसके शुक्ला, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार यादव, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, वाणिज्य कर अधिकारी अभिलाष यादव आदि मौजूद रहे।

## आयोग की गाइडलाइन से लडें चुनाव: एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार आवेदन करेंगे। जिले में सुरक्षित सीट के चलते जमानत धनराशि आधी व खर्च का दायरा निर्धारित किया है। इसी प्रकार वार्ड मेम्बर भी आवेदन करेंगे।

शुक्रवार को नगर निकाय की सूची जारी होने के बाद चुनाव की चहलकदमी तेज हो गई है। निर्वाचन कार्यालय समेत नगर पालिका, नगर पंचायत कार्यालयों में अभिलेख जमा करने को दावेदार अपने कागजात पूरे करने में जुटे हैं। एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने अध्यक्ष पद के लिए तीस वर्ष व सदस्य पद के लिए 21 वर्ष उम्र निर्धारित की है। जिले की सभी अध्यक्ष पद की सीटों के आरक्षित होने के चलते आठ हजार के स्थान पर चार हजार रुपये जमानत धनराशि दावेदारों को जमा करना होगा।

## टीम की छापेमारी से शुक्रवार को भी बन्द रहीं दुकानें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य एवं वस्तु सेवा कर (जीएसटी) टीम की छापेमारी की दहशत जिला मुख्यालय के दुकानदारों में इस कदर देखने को मिली कि दुकानदारों ने अपनी दुकान के शटर बन्द रखे। टीम ने जहां छापेमारी की दुकानदारों की भीड जमा हो गई। कुछ स्थानों पर छापेमारी का विरोध भी हुआ।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय की तमाम दुकानें जीएसटी टीम की छापेमारी के भय से बन्द रहीं। व्यापारियों में छापेमारी की दहशत इस कदर रही कि बस स्टैण्ड, सदर रोड, तरौंहा रोड, इलाहाबाद रोड, पुरानी बाजार की कुछ कपडे की दुकान, फर्नीचर व मोबाइल, लैबटाप की दुकानों में छापेमारी हुई।

टीम के सदस्यों ने दुकानों में खरीद व बिक्री के




कागजात में जीएसटी जमा करने की खासतौर पर जांच की। सभी दुकानों से कई कागज जांच के लिए जमा कराये हैं। टीम में शामिल ज्वाइंट कमिश्नर विजय सोनी ने बताया कि कर चोरी को लेकर शासन के निर्देश पर कार्यवाही जारी है। ये क्रम अभी फिलहाल जारी रहेगा।

एसजीएसटी टीम की छापेमारी के विरोध में मौजूद व्यापारियों ने विरोध जताया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकताओं ने जीएसटी के सर्वे के नाम पर जिले की दुकानों में डाले जा रहे छापे की कार्यवाही का विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर रोकने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी की अगुवाई में सौंपे पत्र में कहा कि शासन के निर्देश पर जिले में जीएसटी सर्वे की छापे की कार्यवाही तीन दिनों से जारी है। सर्वे से इंस्पेक्टर राज व भ्रष्टाचार को बढावा मिल रहा है। व्यापारियों का उत्पीडन हो रहा है। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, बनवारीलाल, आलोक केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## डीआईजी ने अच्छी सेवा करने वालों को किया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय बालिका इंटर कालेज में पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्र के मुख्य आतिथ्य व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में छात्राओं को सुरक्षित यातायात के तौर-तरीके बताये गये।

शुक्रवार को चित्रकूटधाम मंडल के डीआईजी डॉ विपिन कुमार मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि सडक सुरक्षा को लेकर बेहतर कार्य करने वाले व ब्लड डोनेट करने वाले एवं हादसों में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि मानवता के कार्य सभी लोगों को करने चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

सुरक्षित यातायात अभियान में राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्रायें,




केन्द्रीय विद्यालय के छात्र-छात्रा, जनसेवा इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर नियमों का पालन करने बाबत शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, पीटीओ संतोष तिवारी, केन्द्रीय विद्यालय प्रधानाचार्य विनोद कुमार, राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा वर्मा, जनसेवा इंटर कालेज के प्रवक्ता मनोज पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सैन्य अफसरों के खिलाफ विवादित ट्वीट, पीटीआई सीनेटर स्वाति की जमानत अर्जी पर सुनवाई 12 दिसंबर तक टली

**इस्लामाबाद ।** इस्लामाबाद की एक अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सीनेटर आजम खान स्वाति की विवादित ट्वीट मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई 12 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आजम खान स्वाति फिलहाल एक मामले में बलूचिस्तान पुलिस की हिरासत में हैं। स्वाति पर अलग-अलग ट्वीट के जरिए सैन्य अधिकारियों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगा है।

सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश राजा आसिफ महमूद ने कहा कि उनका बहुद जल्द दूसरी अदालत में ट्रांसफर होने वाला है, इसलिए दूसरे न्यायाधीश स्वाति की याचिका पर सुनवाई करेंगे। इसके बाद न्यायाधीश ने सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि अगर 12 दिसंबर तक उनके तबादले की अधिसूचना जारी नहीं की गई तो वह याचिका पर



सुनवाई करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट में आजम खान स्वाति के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल के विवादित ट्वीट को लेकर पाकिस्तान में कई मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि बलूचिस्तान हाईकोर्ट ने स्वाति के खिलाफ अतिरिक्त मामले दर्ज नहीं करने का आदेश दिया है। 14 अक्तूबर को, पाकिस्तान के संघीय जांच प्राधिकरण ने सेना प्रमुख, न्यायपालिका और अन्य सरकारी संस्थानों के खिलाफ सोशल मीडिया पर 'धमकी भरा संदेश' पोस्ट करने को लेकर पीटीआई सीनेटर आजम खान स्वाति को गिरफ्तार किया था। इस मामले में स्वाति को जमानत मिल गई थी। हालांकि, पूर्व सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा सहित शीर्ष सैन्य अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर एफआईए ने फिर से स्वाति को गिरफ्तार कर लिया था।

पाक मीडिया के मुताबिक, दो दिसंबर को बलूचिस्तान पुलिस ने क्वेटा में इसी तरह के एक मामले में पीटीआई सीनेटर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के समय वह अदियाला जेल में न्यायिक हिसारत में थे। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान ने आजम खान स्वाति की गिरफ्तारी की निंदा की थी।

## बंदियों की हुई अदला-बदली, हथियार व्यापारी के बदले रूस ने बास्केटबाल स्टार ब्रिटनी को छोड़ा

**मास्को।** अमेरिका और रूस के बीच रिश्ते किस कदर खराब हैं, यह दुनिया से छिपा नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। हालांकि, अब इन दो महाशक्तियों के बीच से राहत की खबर सामने आई है। पता चला है कि दोनों देशों के बीच पर्दे के पीछे बातचीत जारी है।

दरअसल, दोनों देशों ने हाल ही में बंदियों की अदला-बदली की है। जानकारी के मुताबिक, अमेरिका की बास्केटबाल स्टार ब्रिटनी ग्राइनर को रूस ने रिहा किया है तो इसके बदले रूस के हथियार व्यापारी विक्टर बाउट को भी अमेरिका ने छोड़ दिया है। अमेरिकी की स्टार खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्रिटनी ग्राइनर आठ महीने से रूस की जेल में बंद थीं। उनकी गिरफ्तारी रूस में नशीला पदार्थ ले जाने के आरेप में हुई थी। हालांकि, अमेरिका का कहना है कि




रूस में जिसे नशीला पदार्श माना जाता है, उस पर अमेरिका समेत कई देशों पर प्रतिबंध नहीं है। उधर, ब्रिटनी के बदले अमेरिका ने रूस के हथियार व्यापारी बाउट को रिहा किया है। दुनिया के कई अशांत क्षेत्रों में हथियारों की आपूर्ति के लिए उन्हें एक समय मौत का सौदागर भी कहा जाता था। रूसी विदेश मंत्रालय की ओर से इस अदला-बदली की पुष्ट भी की गई है। रूस और अमेरिका के बीच बंदियों की इस अदला-बदली की मध्यस्थता यूएई के राष्ट्रपति मुहम्मद बिन जाएद अल नाह्यान और सऊदी के क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन सलमान के प्रयासों से हुई। दोनों के रूस और अमेरिका से अच्छे संबंध हैं। बता दें, दोनों बंदियों को पहले आबूधाबी लाया गया, जिसके बाद उन्हें अपने-अपने देश भेजा गया।

रूसी जेल में बंद पॉल व्हेलन की रिहाई की मांग भी अमेरिका में तेजी से उठ रही है। हालांकि, इस बार अमेरिका पॉल व्हेलन को रिहा करान में नाकामयाब रहा। हालांकि, अमेरिकी अमेरिका विदेश विभाग के प्रमुख एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका पॉल व्हेलन को अमेरिका वापस लाने के लिए प्रशासन प्रयास करना जारी रखेगा। बता दें, पॉल जासूसी के आरोप में 2018 से रूसी जेल में बंद हैं।

## पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जीता मानहानि का मुकदमा, ब्रिटिश अखबार ने मांगी माफी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ब्रिटिश अखबार डेली मेल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा जीत लिया है। डेली मेल अपने पत्रकार डेविड रोज के एक लेख में पाक पीएम शहबाज के खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने में विफल रहा। अखबार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से माफी मांगी और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के सभी निराधार आरोप वापस ले लिए। इस पर पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि एक और दुर्भावनापूर्ण प्रचार का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अब भ्रष्टाचार मुक्त घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तान की सूचना एवं प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने एक बयान में कहा कि डेली मेल द्वारा मांगी गई माफी से शहबाज शरीफ दुनिया के सामने विजयी हुए हैं। वहीं, पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री राणा तनवीर हुसैन ने ट्वीट कर कहा कि डेली मेल का माफीनामा इस



बात का सबूत है कि इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) का इस्तेमाल राजनीतिक षड्यंत्र के रूप में किया।

**शरीफ पर लगा था विदेशी सहायता धन के गबन का आरोप**

ब्रिटिश अखबार द मेल ऑन संडे और समाचार वेबसाइट मेल ऑनलाइन ने 4 जुलाई, 2019 को प्रकाशित एक लेख में एक त्रुटि के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से माफी मांगी है, जिसमें शरीफ पर ब्रिटिश विदेशी सहायता धन की चोरी करने का आरोप लगाया गया था। खोजी पत्रकार डेविड रोज के इस लेख को अब अखबार की वेबसाइट और अन्य प्लेटफार्मों से हटा दिया गया है। लेख में दावा किया गया था कि शहबाज शरीफ ने साल 2005 के भूकंप पीड़ितों के पुनर्वास के लिए यूनाइटेड किंगडम के डिपार्टमेंट फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (छ्स्र्द्धष्ठ) द्वारा प्रदान किए गए धन का गबन किया था, जब वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री थे।

## मेटा में छंटनी की शिकार हुई भारतीय मूल की सुरभि गुप्ता, नेटफ्लिक्स के शो में आई थीं नजर

**वाशिंगटन।** इन दिनों बड़ी-बड़ी कंपनियां बड़े पैमाने पर छंटनी कर रही हैं। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा भी इनमें से एक है। हाल ही में मेटा ने अपने हजारों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। भारतीय मूल की सुरभि गुप्ता भी इन कर्मचारियों में से एक हैं। हाल ही में सुरभि नेटफ्लिक्स के चर्चित शो इंडियन मैचमेकिंग में भी नजर आई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेशे से इंजीनियर सुरभि 2009 से अमेरिका में रह रही हैं और वह मेटा में बतौर प्रोजेक्ट मैनेजर काम कर रही थीं। वह कहती हैं कि उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि अच्छा काम करने के बाद भी कंपनी उन्हें बाहर कर देगी। सुरभि बताती हैं कि एक दिन सुबह छह बजे उनके पास नौकरी से निकाले जाने का मेल आया। इसके बाद न ही वह अपना कम्प्यूटर एक्ससेस कर सकती थीं, यहां तक कि ऑफिस के जिम भी नहीं जा सकती थीं। उनका कहना है कि यह मुझे निराश करने वाला था।

**रह चुकी हैं ब्यूटी क्वीन**

सुरभि 2018 में अमेरिका में आयोजित एक ब्यूटी कंपटीशन में भी प्रतिभाग कर चुकी हैं। इसमें वह मिस भारत-कैलिफोर्निया चुनी गई थीं। वह कहती हैं कि बीते 15 सालों से अमेरिका में जिंदगी आसान बनाने के लिए वह बहुत मेहनत कर रही हैं। हालांकि, कंपनी के एक मेल के बाद उन्हें ऐसा लगा जैसे जैसे टाइटैनिक डूब रहा है क्योंकि मैं एक-एक करके चीजों को खो रही थी। जैसे - वर्कप्लेस, लैटपटॉप, ईमेल।

## बाइडन ने वीजा के लिए प्रतीक्षा समय कम करने पर दिया जोर, विदेश मंत्रालय से ज्ञापन पर विचार करने का आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति आयोग ने राष्ट्रपति जो बाइडन को महत्वपूर्ण बैकलॉग वाले भारत जैसे देशों के लिए वीजा जारी करने की प्रतीक्षा समय को कम करने की सिफारिश की। राष्ट्रपति आयोग ने बैकलॉग वाले देशों के लिए वीजा जारी करने की प्रतीक्षा समय को अधिकतम दो से चार सप्ताह तक कम करने के लिए विदेश विभाग को एक मेमो (ज्ञापन) जारी करने पर विचार करने की सिफारिश की है। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और अन्य देशों सहित विशिष्ट एशियाई देशों और प्रशांत द्वीपों के दूतावासों के साथ गैर-आप्रवासी वीजा, आगंतुक वीजा (बी1/बी2), छात्र वीजा (एफ1/एफ2) और अस्थायी कर्मचारी वीजा (एच, एल, ओ, पी, क्यू) जारी करने में असाधारण रूप से लंबे बैकलॉग हैं। भारत के मामले में यह बैकलॉग अब 1,000 से अधिक दिनों को पार कर गया है। जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका और विदेशों में एशियाई अमेरिकी और प्रशांत द्वीपसमूह (एएपीआई) के परिवारों के साथ-साथ छात्रों, व्यवसायों और आगंतुकों के लिए बड़ी मुश्किलें सामने आ रही हैं। अमेरिकी दूतावास ने पहले कहा था कि गैर-आप्रवासी वीजा आवेदकों के लिए प्रतीक्षा समय मार्च 2020 से संचालन में कार्यबल की कमी और कोरोना वायरस संबंधी प्रतिबंधों के कारण बढ़ गया है। इस सप्ताह एक बैठक के दौरान एशियाई अमेरिकियों, हवाई द्वीप के मूल निवासी और प्रशांत द्वीपसमूहों के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग ने वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और अन्य देशों में अमेरिकी दूतावासों की ओर से वीजा जारी करने के समय में बढ़ती देरी को कम करने के लिए व्हाइट हाउस से सिफारिशें की थीं।

## सऊदी अरब पहुंचे चीनी राष्ट्रपति, तीस अरब डॉलर के 20 समझौते होंगे

**- सऊदी अरब के वायु क्षेत्र में पहुंचते ही आसमान में हरे धुएं के साथ अगवानी की गयी**

**रियाद।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तीन दिन के दौरे पर सऊदी अरब पहुंच गए हैं। सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। चीनी राष्ट्रपति के इस तीन दिवसीय यात्रा के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में तीस अरब डॉलर के कुल बीस समझौते किये जाएंगे। सऊदी अरब के वायु क्षेत्र में पहुंचते ही सऊदी रॉयल एयरफोर्स के चार लड़ाकू विमानों ने जिनपिंग के विमान को एस्कॉर्ट करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही आसमान में हरे धुएं के साथ उनकी अगवानी की गयी। चीन लंबे समय से खाड़ी देशों में अपनी सक्रियता बढ़ाने की कोशिश में रहा है। अब तक खाड़ी देशों में अमेरिका का दबदबा रहा है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा से



अमेरिका की बाइडेन सरकार बहुत खुश नहीं हैं, क्योंकि वैसे भी अमेरिकी और सऊदी अरब के बीच पहले से ही अलग-अलग मुद्दों पर मतभेद रहे हैं। सऊदी अरब और चीन के बीच रिश्तों को मजबूती के लिए अर्थव्यवस्था को आधार बताया जा रहा है। यही कारण है कि चीनी राष्ट्रपति की सऊदी अरब यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल बीस समझौते होंगे। इन समझौतों के साथ तीस अरब डॉलर की बड़ी राशि जुड़े होने की बात सामने आ रही है। इस दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को सऊदी अरब का प्रमुख नागरिक सम्मान भी प्रदान कर सकते हैं। जिनपिंग इस तीन दिवसीय यात्रा के दौरान तीन बड़े सम्मेलनों को भी संबोधित करेंगे।

## सैन्य चौकी पर हमला करने वाले तीन फिलिस्तीनियों को इजराइली सैनिकों ने मार गिराया

**रामल्ला।** बीते दिनों रामल्ला की एक सैन्य चौकी पर हमला करने वाले तीन फिलिस्तीनियों को इजराइली सैनिकों ने मार गिराया है। इसके बाद विरोध स्वरूप फिलिस्तीनी गुटों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ दिन पहले रामल्ला के पास एक इजराइली सैन्य चौकी पर फिलिस्तीनियों ने हमला कर दिया था। चौकी पर गोली चलाने के बाद भागे फिलिस्तीनियों को पकड़ने के लिए इजराइली सेना ने तलाशी अभियान चलाया। सेना ने जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया। यह क्षेत्र फिलिस्तीनी आतंकियों का गढ़ माना जाता है और इजराइल ने हाल के महीनों में यहां छापेमारी तेज कर दी है। बताया गया कि जेनिन में वहां के निवासियों और सेना के बीच टकराव हुआ। इस दौरान हिंसक झड़पें भी हुईं। इसके बाद इजराइली सैनिकों ने ओफरा बस्ती के पास एक फिलिस्तीनी आतंकवादी को गोलियों से



छलनी कर दिया। इसके बाद दो और फिलिस्तीनियों को गोली मार दी गयी। इजराइली सैनिकों द्वारा फिलिस्तीनियों को गोली मारे जाने के बाद रामल्ला में शोक का माहौल है। फिलिस्तीनी गुटों ने मृतकों का शोक मनाने और उनके परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए शहर में हड़ताल का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष इजराइल व फिलिस्तीन के बीच लड़ाई में 140 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। यह 2006 के बाद से सबसे बुरा साल है। इजराइल की सेना का कहना है कि मारे गए ज्यादातर फिलस्तीनी चरमपंथी हैं।

## व्हाइट हाउस की नजर में भारत बड़ी ताकत बनकर उभरेगा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के शीर्ष अधिकारी कर्ट कैंपबेल ने कहा कि भारत न केवल अमेरिका का एक सहयोगी, बल्कि एक बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। दो दशक में भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध जितनी तेजी से मजबूत एवं गहरे हुए हैं, वैसा किसी भी अन्य द्विपक्षीय संबंध के साथ नहीं हुआ।

'ऐस्पन सिक्योरिटी फोरम' की यहां आयोजित बैठक में भारत के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर व्हाइट हाउस के एशिया मामलों के समन्वयक कैंपबेल ने कहा कि उनका मानना है कि 21वीं सदी में भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। इस शीर्ष अधिकारी ने कहा- 'यह एक तथ्य है कि मैंने पिछले 20 साल में अमेरिका और भारत



जैसे कोई द्विपक्षीय संबंध नहीं देखे जो इतनी तेजी से गहरे एवं मजबूत हो रहे हैं।' उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी क्षमता का और इस्तेमाल करने की जरूरत है और प्रौद्योगिकी व अन्य मुद्दों पर एक साथ काम करते हुए लोगों के बीच आपसी संपर्क कायम करने की आवश्यकता है। कैंपबेल ने कहा- 'भारत केवल अमेरिका का एक सहयोगी नहीं होगा। वह एक स्वतंत्र, शक्तिशाली देश बनने की इच्छा रखता है और वह एक और बड़ी ताकत बनकर उभरेगा।' कैंपबेल ने कहा-'मेरा मानना है कि यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें कुछ महत्वाकांक्षा होनी चाहिए। हमें उन क्षेत्रों पर गौर करना चाहिए, जहां हम एक साथ काम कर सकते हैं, चाहे वह अंतरिक्ष हो, शिक्षा हो, जलवायु हो या प्रौद्योगिकी। हमें इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।' उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत-अमेरिका संबंध केवल चीन को लेकर चिंता के कारण नहीं बने हैं। ये दोनों समाजों के महत्वपूर्ण तालमेल पर आधारित हैं।

## बुर्किना फासो में जिहादी हमले, सेना के 12 जवानों की मौत



**बुर्किना फासो।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में जिहादी समूहों ने एक हमले को अंजाम दिया। हमले में उत्तरी बुर्किना फासो में कम से कम 12 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश सशस्त्र बलों का समर्थन करने वाले नागरिक स्वयंसेवक थे। यह हमला बुधवार को मध्य-उत्तर क्षेत्र के बोआला में हुआ। दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक बुर्किना 2015 से जिहादी हमलों से जूझ रहा है। यहां असंतुष्ट सैन्य अधिकारियों ने इस साल दो तख्तापलट भी किए हैं। बुर्किना फासो की सीमाएं माली, नाइजर, बेनिन, टोगो, घाना और कोट द' आईवोर से मिलती हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## वीएफएस कैपिटल ने बिहार में अपने फुटप्रिंट का किया विस्तार

**कोलकाता।** अग्रणी माइक्रोफाइनेंस संस्था वीएफएस कैपिटल लिमिटेड ने बिहार के समस्तीपुर जिले में अपनी नई शाखा का उद्घाटन करने की घोषणा की है। इसके साथ ही वीएफएस कैपिटल का बिहार में 28 शाखाओं का विस्तृत नेटवर्क हो गया है। वीएफएस कैपिटल लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ कुलदीप माइती ने शुक्रवार को बताया कि हमें समस्तीपुर में नई शाखा का उद्घाटन होने पर खुशी हो रही है। समस्तीपुर के आजादनगर, मोहनपुर में स्थित यह नई शाखा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के उद्देश्य से, क्षेत्र में रहने वाली गरीब महिलाओं को माइक्रो क्रेडिट सेवा प्रदान करेगी।

## रूस ने मौत के सौदागर विक्टर बाउट के बदले अमेरिका की बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी को छोड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्राइनर को रूस ने रिहा कर दिया है। इसके बदले में रूस के हथियार व्यापारी विक्टर बाउट को अमेरिका ने रिहा किया है। रूसी जेल में बंद अमेरिकी नागरिक पाल व्हीलन को रिहा कराने में अमेरिका फिलहाल विफल रहा। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि ब्रिटनी सुरक्षित हैं। वह विमान में हैं और अपने घर जा रही हैं।

बाइडन ने यह बात व्हाइट हाउस में ब्रिटनी की पत्नी कैरेल के साथ मीडिया से बातचीत में कही। उल्लेखनीय है कि ब्रिटनी समलैंगिक हैं। यह बात उन्होंने 2013 में एक साक्षात्कार में सार्वजनिक की थी। ये रिहाई यूक्रेन युद्ध के दौरान ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और रूस अप्रत्यक्ष रूप से एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। बंदियों की इस अदला-बदली से यह बात भी साबित हुई है कि दोनों महाशक्तियों के बीच पर्दे के पीछे बातचीत जारी है। यह स्थिति विश्व शांति के लिए अच्छे संकेत हैं।

ब्रिटनी दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। उनकी गिरफ्तारी रूस में नशीला पदार्थ लेकर जाने पर हुई थी। बाद में अमेरिका ने कहा था कि रूस में जिसे नशीला पदार्थ माना जाता है



उस पर अमेरिका और कई अन्य देशों में प्रतिबंध नहीं है। इस कारण ब्रिटनी गलतफहमी में उक्त पदार्थ लेकर रूस पहुंच गई थीं। ब्रिटनी करीब आठ महीने रूसी कारागार में रहीं। बाइडन प्रशासन ने बदले में बदनाम हथियार व्यापारी बाउट को रिहा किया है। बाउट को एक समय मौत का सौदागर भी कहा जाता था।

वह दुनिया के कई अशांत क्षेत्रों में हथियारों की आपूर्ति के लिए बदनाम रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने इस अदला-बदली की पुष्टि की है। बताया गया है कि कैदियों की अदला-बदली यूएई की राजधानी अबूधाबी में हुई। रिहाई के बाद बाउट भी विमान से अपने घर के लिए रवाना हो गए। अमेरिका के एक अन्य नागरिक पाल व्हीलन जासूसी के आरोप में दिसंबर 2018 से रूसी जेल में बंद हैं। उनकी रिहाई के संबंध में दोनों देशों के बीच कोई बात नहीं हुई है। अमेरिकी बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी और रूसी हथियार कारोबारी बाउट की रिहाई यूएई के राष्ट्रपति मुहम्मद बिन जाएद अल नाह्यान और सऊदी अरब के युवराज मुहम्मद बिन सलमान के प्रयास से संभव हुई। दोनों नेताओं के अमेरिका और रूस के बड़े नेताओं ने अच्छे रिश्ते हैं। दोनों देशों के संयुक्त बयान में यह बात कही गई है। दोनों बंदियों को निजी विमानों से अबूधाबी लाया गया और वहीं पर उनकी अदला-बदली हुई।